हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 219, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 10 फरवरी, 2024 दिन शनिवार | गाजीपुर/वाराणसी

## चौधरी चरण सिंह और नरसिम्हा राव को 'भारत रत्न' का एलान, एमएस स्वामीनाथन को भी दिया जाएगा सम्मान

### मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में अब तक 10 हस्तियों को सर्वोच्च सम्मान दिया गया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने का एलान किया है। वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न देने का एलान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'एक्स' पर इसका एलान किया। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक तीन ट्वीट कर के तीनों हस्तियों के बारे में लिखते हुए उन्हें यह सम्मान देने की घोषणा की। इससे पहले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर और देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आणवाणी को भी यह सम्मान देने का एलान हो चुका है। आडवाणी को छोड़कर बाकी चारों हस्तियों को मरणोपरांत यह सम्मान दिया जाएगा।



चौधरी चरण सिंह — पूर्व प्रधानमंत्री | पीवी नरसिम्हा राव — पूर्व प्रधानमंत्री | एमएस स्वामीनाथन — कृषि क्रांति के जनक

**चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने से जुड़ा प्रधानमंत्री का ट्वीट**– उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है।

**डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने से जुड़ा प्रधानमंत्री का ट्वीट**– पीएम मोदी ने लिखा, 'यह बेहद खुशी की बात है कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। उन्होंने चुनौती भरे समय में भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए। हम उनके अमूल्य कामों को भी पहचानते हैं। डॉ. स्वामीनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल भारतीय कृषि को बदला, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और समृद्धि भी सुनिश्चित की। वह ऐसे व्यक्ति थे, जिन्हें मैं करीब से जानता था और मैं हमेशा उनकी अंतर्दृष्टि और इनपुट को महत्व देता था।'

**पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने से जुड़ा प्रधानमंत्री का ट्वीट**– पीएम मोदी ने लिखा, 'यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में नरसिम्हा राव ने देश की बड़े पैमाने पर सेवा की। उन्हें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और कई वर्षों तक संसद और विधानसभा सदस्य के रूप में किए गए कार्यों को आज भी याद किया जाता है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, देश की समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में सहायक था।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव के कार्यकाल ने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला। इसके अलावा भारत की विदेश नीति, भाषा और शिक्षा क्षेत्रों में उनका योगदान एक ऐसे नेता के रूप में उनकी याद किया जाता है, जिन्होंने न केवल महत्वपूर्ण परिवर्तनों के माध्यम से भारत को आगे बढ़ाया, बल्कि इसकी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को भी समृद्ध किया।

**अब तक 53 लोगों को सम्मान**– करीब 68 साल पहले शुरू हुए इस सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। पहली बार साल 1954 में आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था।

**10 साल में छठी हस्ती, जिसे मिलेगा सम्मान**– मोदी सरकार के करीब 10 साल के कार्यकाल में अब तक 10 हस्तियों को सर्वोच्च सम्मान दिया जा चुका है, जिसमें इस साल कपूर्री ठाकुर समेत पांच नामों का एलान किया गया है। दिवंगत प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख से पहले मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में साल 2015 में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और पंडित मदन मोहन मालवीय को यह सर्वोच्च सम्मान दिया गया था। इसके चार साल बाद बीते लोकसभा चुनाव के कुछ महीने बाद तीन हस्तियों को सर्वोच्च सम्मान देने की घोषणा की गई थी।

## मायावती ने कांशीराम के लिए भी की भारत रत्न की मांग

### कहा- दलित शख्सियतों की उपेक्षा कतई सही नहीं है

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक ही दिन में देश की तीन हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा कर दी। पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न मिलेगा। इस एलान के बाद अब बसपा प्रमुख मायावती ने कांशीराम के लिए भी भारत रत्न की मांग कर दी है। सोशल मीडिया पर कहा, "हम हाल ही में भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हैं, लेकिन इस संबंध में दलित शख्सियतों की उपेक्षा सही नहीं है।"



मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, "वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा जिन भी हस्तियों को भारतरत्न से सम्मानित किया गया है उसका स्वागत है, लेकिन इस मामले में खासकर दलित हस्तियों का तिरस्कार एवं उपेक्षा करना कतई उचित नहीं। सरकार इस ओर भी जरूर ध्यान दे।"

उन्होंने आगे लिखा, "बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को लम्बे इंतजार के बाद श्री वी पी सिंह जी की सरकार द्वारा भारतरत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। उसके बाद दलित व उपेक्षितों के मसीहा मान्यवर श्री कांशीराम जी का इनके हितों में किया गया संघर्ष कोई कम नहीं। उन्हें भी भारतरत्न से सम्मानित किया जाए।"

**जयंत चौधरी ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद**– चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के एलान के बाद रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने कहा, "ये बहुत बड़ा दिन है। मेरे लिए भावुक और यादगार पल है। मैं राष्ट्रपति, भारत सरकार और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। इससे बहुत बड़ा संदेश पूरे देश में गया है। देश की भावनाएं सरकार के इस फैसले से जुड़ी हैं। मोदी जी ने साबित किया है कि वे देश की मूलभावना को समझते हैं...जो आजतक पूर्व की सरकार नहीं कर पाई वे फैसला नरेंद्र मोदी ने लिया है।" एनडीए में शामिल होने की बात पर जयंत चौधरी ने कहा, "कोई कसर रहती है। आज मैं किस मुंह से इंकार करूं।"

**सीएम योगी ने क्या कहा?**– पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव गारू और डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, "पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करना एक अभिनंदनीय घोषणा है। ये देश के करोड़ों किसानों का सम्मान है। यूपी के लिए ये और अभिनंदनीय है क्योंकि चौधरी चरण सिंह साहब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अतुलनीय सेवा की।...चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव गारू और डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित करना एक अभिनंदनीय फैसला है।"

## 'चर्चा करते समय किसी संस्थान का नाम न लें', लोकसभा में कार्यवाही के दौरान बोले ओम बिरला


नई दिल्ली। लोकसभा में कार्यवाही के दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन के सदस्यों को किसी भी मुद्दे को उठाते समय किसी विशेष संस्था या संगठन का नाम न लेने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि सभी सांसदों को केवल नीतिगत मामलों पर चर्चा करनी चाहिए। उनका यह बयान उस वक्त आया जब सदन की कार्यवाही के दौरान उत्तर प्रदेश बसपा सांसद रितेश पांडे ने एक मेडिकल कॉलेज और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए मान्यता के लिए इसके आवेदन का मुद्दा उठाया था। सदन में सदस्यों से अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मैं आप सभी से अपील करता हूं कि किसी भी मुद्दे को उठाते समय किसी भी संस्थान का नाम ना लें। अगर आप लागातार ऐसा करेंगे तो इसका संसदीय प्रक्रियाओं पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा। आप नीतिगत मुद्दों को उठात सकते हैं,



जो बिल्कुल ठीक होगा, लेकिन किसी का नाम सही नहीं है। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग किसी भी मेडिकल कॉलेज में किसी भी चिकित्सा पाठ्यक्रम को मान्यता देने पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लेता है। एसपी सिंह बघेल ने कहा कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही मेडिकल कॉलेज की संख्या 350 से बढ़कर 700 हो गई है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों में सीटों में 100 प्रतिशत से अधिक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 126 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार देश के प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की नीति का भी पालन कर रही है।

## यूपी के सरकारी स्कूलों में बढ़े हैं 40 लाख विद्यार्थी : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा में समानता लाने के व्यापक प्रयास हुए हैं, जो सामाजिक असमानता को दूर करने में सहायक होगा। यूपी विधानपरिषद में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान डॉ आकाश अग्रवाल के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले सात साल में यूपी में शिक्षा के स्तर को सुधारने का प्रयास सर्वविदित है। बेसिक शिक्षा परिषद में 1,32,000 विद्यालयों में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारने का प्रयास हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 40 लाख से अधिक नये बच्चों ने प्रवेश लिया है। सीएम योगी ने बताया कि सभी बच्चों को बैग, बुक, जूता, मोजा, स्वेटर प्रदान किया जा रहा है। यही नहीं फेज वाइज एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम को यूपी बोर्ड में भी लागू करने का प्रयास हो रहा है। आज जब बेसिक शिक्षा परिषद वही पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है तो आवश्यक नहीं कि हम प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को भेजें। मुख्यमंत्री ने बताया कि अप्रैल और जुलाई में स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में 40



लाख नये बच्चों की वृद्धि ये दिखाती है कि सरकार के द्वारा किये गये प्रयासों का परिणाम सामने आ रहा है और आरटीई का उद्देश्य पूरा हो रहा है। वहीं एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार प्रत्येक छात्र के अभिभावक के बैंक खाते में बैग, बुक, जूता, मोजा, स्वेटर के लिए 1200 रुपए प्रदान किया जाता है।

## इस्लामिया मैदान के पास आला हजरत मस्जिद में पहुंचे मौलाना तौकीर रजा, समर्थकों की भारी भीड़

बरेली। बरेली में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने देश में मुसलमानों के खिलाफ नफरत का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी देकर विरोध जताने का एलान किया है। इसको लेकर शुक्रवार सुबह से शहरभर में कड़ी चौकसी है। मौलाना के घर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात है। दोपहर करीब डेढ़ बजे मौलाना तौकीर रजा घर से निकले। वह कड़ी सुरक्षा के बीच इस्लामिया मैदान के पास स्थित आला हजरत मस्जिद में पहुंचे। इसकी जानकारी होते ही उनके समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं इस्लामिया मैदान में उनके प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर पूरे इलाके में कड़ी सुरक्षा है। बताया जा रहा है कि संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी को नमाज के बाद मौलानगर मस्जिद से निकलते ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस्लामिया मैदान को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। यहां 1400 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। छह



एएसपी और 12 सीओ के हाथों सुरक्षा की कमान है। आपात स्थिति से निपटने के लिए चार कंपनी पीएसी और एक कंपनी आरएएफ की भी तैनाती की गई है। एसपी सिटी राहुल भाटी ने बताया कि कार्यक्रम की अनुमति नहीं ली गई है। संवैधानिक तरीके से बात रखने का सबको अधिकार है, मगर सड़क पर उतरकर किसी ने माहौल खराब करने की कोशिश की तो पुलिस सख्ती से निपटेगी। हल्द्वानी में हुए बवाल और शुक्रवार की नमाज के मद्देनजर डीएम रविंद्र कुमार ने पूरे जनपद में सेक्टर जोनल सिस्टम लागू कर दिया है। जगह जगह पुलिस- मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। चौक-चौराहों भी पर नाकेबंदी की गई है। पुलिस फोर्स ड्यूटी पर मुस्तैद हैं। डीएम ने बताया कि पूरे जिले में शांति व्यवस्था बिल्कुल सामान्य है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी गलत सूचना पर अनावश्यक रूप से परेशान न हों। कानून व्यवस्था संबंधी ऐसी कोई सूचना मिलती है तो तत्काल नजदीकी थाना-तहसील या जिला प्रशासन को सूचित करें।

## 'अर्थव्यवस्था पर केंद्र ने श्वेत पत्र नहीं, सफेद झूठ पेश किया'; पीएम मोदी की सरकार पर बरसी कांग्रेस

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र में केंद्र सरकार ने अपनी आर्थिक नीतियों, राजस्व और राजकोष की स्थिति स्पष्ट करने के लिए 'श्वेत पत्र' पेश किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का दावा है कि आने वाले कुछ वर्षों में भारत पूरी दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगी। हालांकि, पीएम मोदी की नीतियों के साथ-साथ वित्त मंत्री को अक्सर कठघरे में खड़ा करने वाली कांग्रेस पार्टी ने इस बार श्वेत पत्र को लेकर तीखा हमला बोला। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के मुताबिक मोदी सरकार ने संसद में श्वेत पत्र नहीं, सफेद झूठ पेश किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था रसातल में चली जा रही है। जयराम रमेश ने पूर्वोत्तर भारत की स्थिति पर सवाल किया और कहा, सरकार को बेरोजगारी, नोटबंदी, सीमावर्ती इलाकों में तनाव और मणिपुर में हुई हिंसा पर दस्तावेज पेश करने चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट सत्र 2024 में पेश किया गया श्वेत पत्र वास्तविकता से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि यह सफेद झूठ पत्र है। बता दें कि केंद्र सरकार ने संसद में पेश श्वेत पत्र के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन



सरकार की 10 साल की नीतियों की मुखर आलोचना की है। श्वेत पत्र में मोदी सरकार ने कहा, 2014 के पहले 10 साल तक रह यूपीए सरकार ने अंधाधुंध राजस्व व्यय किया। भाजपा के मुताबिक यूपीए सरकार ने बजट से अधिक खर्च करने के लिए जमकर उधार भी लिए। बैंकों को लोन न चुकाने के मामले बढ़ते गए और इन कारणों से भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार थम गई।

## मौनी अमावस्या : संगम पर उमड़ा आस्था का ज्वार, हेलीकॉप्टर से बरसाए गए फूल

प्रयागराज। मौनी अमावस्या स्नान महापर्व पर शुक्रवार को गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। सभी नौ घाटों पर भारी भीड़ रही। दो दिन पहले से ही प्रदेश और देश के कोने-कोने से श्रद्धालु संगमनगरी पहुंचने लगे थे। जीटी जवाहर चौराहे से लेकर संगम तट तक सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया है। श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की गई। वाहनों का आवागन पूरी तरह से रोक दिया गया है। बड़े वाहनों के साथ ही ई रिक्शा का संचालन भी कई स्थानों पर प्रतिबंधित किया गया है, जिससे पैदल जाने वालों को परेशानी का सामना न करना पड़े। सुबह आठ बजे तक 90 लाख श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान मेला प्रशासन ने लगाया है। सुबह नौ बजे तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान करने का दावा किया गया है। मेला प्रशासन के मुताबिक सुबह दस बजे तक डुबकी लगाने वालों की संख्या एक करोड़ 15 लाख से अधिक पहुंच गई है। वहीं आंकड़ा दोपहर 12 बजे तक एक करोड़ 40 लाख पहुंचने का दावा किया गया।



मौनी अमावस्या पर उमड़ी भीड़ के मद्देनजर रोडवेज सुबह करीब दस बजे तक 1728 बसों का संचालन कर चुका है। इसी तरह रेलवे की ओर से भी तीन ट्रेनों का संचालन किया गया। दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन प्रयागराज जंक्शन और एक का संचालन रामबाग स्टेशन से किया गया। माघ मेले के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर पुण्य की मौन डुबकी लगाने के लिए एक दिन पहले ही आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। देर शाम तक लाखों श्रद्धालु संगम पहुंच गए और आधी रात से ही मौन डुबकी शुरू हो गई। भीड़ का आलम यह है कि शिविर दोपहर बाद ही पैक हो गए। मौनी अमावस्या स्नान के लिए पिछले दो दिन से देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। बुधवार की रात से मेला क्षेत्र की सड़कों पर शुरू हुआ श्रद्धालुओं का तांता बृहस्पतिवार की सुबह जन सैलाब में तब्दील हो गया। संगम की रेती पर झोला, गठरी लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। मौनी अमावस्या पर भीड़ के अनुमान को देखते हुए गंगा के दोनों तटों पर आठ हजार फुट लंबाई में स्नान घाट बनाए गए हैं।

## प्रणब मुखर्जी पर कांग्रेस समर्थक की अभद्र टिप्पणी, बेटी शर्मिष्ठा ने दिल्ली पुलिस को किया टैग

नई दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी और लेखिका शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने दिल्ली पुलिस को टैग किया है। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि कांग्रेस समर्थक द्वारा लगातार उनके पिता और उनके बारे में अभद्र टिप्पणियां की जा रही है। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने मंगलवार को कांग्रेस की मौजूदा विचारधारा पर सवाल उठाया था। साथ ही उन्होंने कहा कि गांधी-नेहरू परिवार ने उनके पिता को कोई पद दान में नहीं दिया था। दरअसल, शर्मिष्ठा ने सोमवार को भी कांग्रेस को नसीहत दी थी कि समय आ गया है कि नेतृत्व के लिए कांग्रेस पार्टी गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे। इसी पर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गांधी-नेहरू परिवार ने प्रणब मुखर्जी को कोई पद दान में नहीं दिया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस या गांधी-नेहरू परिवार ने मेरे पिता को कोई पद दान में नहीं दिया था। उन्होंने इसे अर्जित किया और इसके हकदार थे। क्या गांधी परिवार के लोग उन सामंतों की तरह हैं, जिनसे उम्मीद की जाती है कि उन्हें चार पीढ़ियों तक श्रद्धांजलि दी जाएगी?ह्व शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए सवाल किया कि वैसे वर्तमान कांग्रेस पार्टी की विचारधारा क्या है? चुनाव से ठीक पहले शिव भक्त बन रहे हैं? शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा था कि राहुल गांधी को परिभाषित करना मेरा काम नहीं है। किसी व्यक्ति को परिभाषित करना संभव नहीं है। अगर कोई मुझसे मेरे पिता को परिभाषित करने के लिए कहता है, तो मैं अपने पिता की व्याख्या भी नहीं कर सकती। नेतृत्व के मुद्दे पर कांग्रेस की पूर्व नेता ने कहा था कि पार्टी नेताओं को इसका जवाब देना होगा। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा था कि कांग्रेस को इस बात का ध्यान रखने की जरूरत है कि साल 2014 और 2019 में राहुल गांधी बेहद बुरे तरीके से हारे थे, वह कांग्रेस का चेहरा थे। दो लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। अगर किसी नेता विशेष के नेतृत्व में कोई पार्टी लगातार हार रही है तो उसके बारे में सोचना जरूरी है।

## संपादकीय

# पारदर्शी चयन हेतु

ऐसे समय में जब नौकरियों से जुड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल तथा पेपर लीक जैसी धांधलियों की खबरें अकसर आती हैं केंद्र सरकार द्वारा द्वारा लाया गया लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक एक महत्वपूर्ण कदम है। निश्चित रूप से एक जटिल समस्या पर नियंत्रण करने की सार्थक पहल हुई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया है। अच्छी बात यह है कि इस विधेयक को पारित करने के दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष का जो रचनात्मक प्रतिसाद रहा, वह उम्मीद जगाता है कि राज्यसभा में भी यह विधेयक आसानी से पारित हो सकेगा। निश्चित रूप से यह कदम उन लाखों बेरोजगार युवाओं के साथ न्याय होगा, जो वर्षों की मेहनत से प्रतियोगिता परीक्षाएं देते हैं और किसी धांधली की खबरों के कारण परीक्षाएं स्थगित कर दी जाती रही हैं। इस विधेयक में नकल व अन्य अनुचित तौर-तरीके अपनाने पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत सुनियोजित तरीके से नकल कराने व पेपर लीक कराने के दोषियों को दस साल की सजा और एक करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। निस्संदेह, लोकपरीक्षा ( अनुचित साधन रोकथाम) विधेयक 2024 को लेकर उम्मीद जगी है कि अब परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की धांधली का खमियाजा नहीं भुगतना पड़ेगा। हाल के वर्षों में कई राज्यों से खबरें आई कि सरकारी नियुक्तियों के लिये आयोजित परीक्षाओं में व्यापक पैमाने पर चतुर-चालाक लोगों द्वारा धांधली की गई। पिछले दिनों हुए राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान परीक्षाओं में धांधली का मुद्दा जोरशोर से उछला भी था। निश्चित रूप से पेपरों का लीक होना उन लाखों परीक्षार्थियों के साथ सरासर अन्याय था जो श्रमसाध्य तरीके से इन परीक्षाओं में भविष्य तलाशते थे। लेकिन धांधली के बाद ये परीक्षाएं स्थगित हो जाती थी। जिससे इन प्रतियोगियों की मेहनत, तैयारी में लगा पैसा व समय बर्बाद हो जाता था। परीक्षाएं टलने से कई प्रतियोगियों की तो निर्धारित उम्र तक निकल जाती थी। दरअसल, पिछले दिनों कई राज्यों में जूनियर क्लर्क, शिक्षक चयन परीक्षा, पुलिस भर्ती परीक्षा, समूह डी पद व शिक्षक पात्रता परीक्षा में धांधली के मामले प्रकाश में आए थे। जाहिर है इतने बड़े व गोपनीय सिस्टम से पेपर निकालने में किसी सुनियोजित ढंग से काम करने वाले गिरोह का ही हाथ हो सकता है। वहीं परीक्षा आयोजन से जुड़े कुछ लोगों की संदिग्ध भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। आधुनिक तकनीक ऐसे घोटालों में शातिरों के लिये मददगार साबित हो रही थी, जो कम समय में आउट किये पेपरों को पूरे देश में फैला देते हैं। कई जगह कुछ कोचिंग सेंटरों की भी संदिग्ध भूमिका नजर आई है, जो परीक्षा आयोजित करने वाली व्यवस्था में सेंध लगाने में कामयाब हो जाते हैं। निस्संदेह, सरकार की इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन सजा के कड़े प्रावधानों को देखते हुए कोशिश हो कि किसी साजिश के तहत निर्दोष लोग इसकी चपेट में न आ पाएं। हालांकि, केंद्र सरकार की तरफ से कोशिश हुई है कि परीक्षार्थियों को नये प्रावधानों से नुकसान न हो, फिर भी कानून का पालन करवाने वाली एजेंसियों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि देश में सरकारी सेवाओं के प्रति युवाओं में बड़ा सम्मोहन है। खासकर सुरक्षित नौकरी की चाह कोरोना संकट ने और बढ़ायी है। यही वजह है कि सिमटती नौकरियों व बढ़ते बेरोजगारों के चलते परीक्षा में सफलता में प्रतिस्पर्धा कड़ी हो गई है। जिसका लाभ बिचौलिए परीक्षार्थियों को प्रलोभन देकर उठाते हैं। नये विधेयक के परिप्रेक्ष्य में कहा जा सकता है कि इससे परीक्षा व्यवस्था के प्रति परीक्षार्थियों का भरोसा बढ़ेगा। यह उल्लेखनीय है कि ये विधेयक कानून बनने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली केंद्रीय परीक्षाओं के आयोजन पर लागू होगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि हाल के दिनों में कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाओं को देखते हुए राज्य सरकारों की जवाबदेही तय की जाए। कानून लागू करने वाली एजेंसियों को ध्यान रखना होगा कि विधेयक के कानून बनने पर इसके दुरुपयोग की संभावना न रहे।

## है प्रदर्शन काल!



रस्साकस्सी चल रही ।
किसको दें कमान ?
सबकी है प्रतिष्ठा ।
और सबका सम्मान ।।
अपनी-अपनी शक्ति का ।
है प्रदर्शन काल ।।
कौन कौन है एकजुट ।
है बड़ा सवाल ।।
खुल रही है कलई ।
छिड़ा घमासान ।।
सबकी इच्छा बलवती ।
छू लें आसमान ।।
है भविष्य के गर्भ में ।
होगा कब कमाल ?
है बड़ा दिलचस्प ।
गलनी किसकी दाल ।।
–कृष्णोन्द्र राय

# मोदी ने 'अबकी बार 400 पार' की बात यूँ ही नहीं कही है, इसके पीछे पूरा चुनावी गणित है

**ललित गर्ग**

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के समय विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मविश्वास एवं कर्मठता से भरकर कहा कि मैं ऐसे आँकड़ों में नहीं पड़ता लेकिन मैं देख रहा हूं कि देश का मिजाज भारतीय जनता पार्टी को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीटें पार करवाकर रहेगा। भाजपा इस बार चुनावों में 400 पार का नारा दे रही है। 2019 चुनावों में भाजपा ने 303 सीटें जीती थीं। निश्चित ही इतने बड़े आंकडे की घोषणा करने के पीछे नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच, विकास की राजनीति एवं राष्ट्र-विकास का संकल्प है, वहीं विपक्ष एवं कांग्रेस की नकारात्मक सोच, विरोध के लिए विरोध और विभाजनकारी रवैया उसके लगातार कमजोर होने के कारण हैं। प्रधानमंत्री ने सीटों का जो आकलन किया है, वह सिर्फ इस बात का संकेत है कि भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया, जिनमें कहा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के रूप एकजुट हुआ विपक्ष उनको चुनौती देगा, क्योंकि विपक्षी एकजुटता बिखर चुकी है।

मोदी ने संसद के भीतर जब अपने चुनावी लक्ष्य की बात कही तो इसने भाजपा कार्यकताओं को ऊर्जा से भर दिया, वहीं विपक्ष के सामने आत्मचिन्तन का अवसर प्रदत्त किया। कांग्रेस को 10 साल के दौरान अच्छा विपक्ष बनने का मौका मिला लेकिन इसमें वह पूरी तरह विफल रही। स्वयं तो विफल रही ही, बल्कि विपक्ष में भी कुछ होनहार लोगों को उभरने नहीं दिया। कांग्रेस की नकारात्मक एवं संकीर्ण राष्ट्र-विरोधी राजनीति को देश की जनता महसूस करने लगी है। कांग्रेस किस तरह नकारात्मक राजनीति का शिकार है यह लोकसभा में ही तब देखने को मिला जब सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चैधरी ने बालाकोट में की गई एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े किए। ध्यान रहे कि ऐसे ही सवाल पाकिस्तान खड़े करता रहा है। आखिर उन्हें पाकिस्तान के स्वरों में स्वर मिलाने एवं उसको रास आने वाला बयान देने की जरूरत क्यों पड़ गई? ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, वह बार-बार कभी पाकिस्तान तो कभी चीन की तरफदारी करती रही है। मोदी विरोध के नाम पर वह राष्ट्र-विरोध पर उतरती रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें हैं। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। दूसरी वजह, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा ने लोगों में एक नए जोश का संचार किया है। अंतरिम बजट में ही जिस तरह से आने वाले कुछ महीनों को



लेकर नीतियों का एलान किया गया है, वह संकेत है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं चमत्कारी जीत की संभावनाओं की और भी वजहें हैं, जिनमें प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां हैं, जैसे चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर करना है। भारत अब विश्व-गुरु भी बनने की ओर गतिशील है। गत वर्ष 9 एवं 10 सितम्बर को जी-20 देशों का महासम्मेलन भारत में सफलतापूर्वक सम्पन्न होना भी भारत की विश्व स्तर पर मजबूत होने की स्थिति को दर्शा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ था भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परते खुलने लगी है। भाजपा इसलिए भी आशान्वित है, क्योंकि जिस विपक्षी एकता की बात 2023 के मध्य से चल रही थी, उसमें दरारे पड़ती ही जा रही है। तमाम विपक्षी पार्टियां अपने-अपने ढंग से चुनाव लड़ने को तैयार हैं और कांग्रेस से उनकी खींचतान चल रही है। फिर, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं, वहां पार्टी ने अपने अनवरत प्रयासों से खुद को मजबूत बना लिया है, फिर चाहे वह महाराष्ट्र हो या बिहार।

कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास भाजपा एवं मोदी विरोध का कोई सशक्त धरातल एवं मुद्दें नहीं है। वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। लेकिन कांग्रेस का हर दिन कई विरोधाभासों के बीच बीत रहा है। कांग्रेस की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। उसकी उल्टी गिनती तो लम्बी चलेगी। पर जनता के दिमाग में एक बात गहरे तक बैठी हुई है कि मोदी के नेतृत्व में सब कुछ बदल जाएगा, भारत सशक्त हो जायेगा, सब कुछ अच्छा हो जाएगा एवं सब कुछ श्रेष्ठ हो जाएगा। इसके विपरीत कांग्रेस की जनता पर पकड़ ढ़िली पड़ती जा रही है, उसके बयानों में कोई बुनियादी मुद्दें नहीं होते, बार-बार बेरोजगारी की चर्चा सुनने को मिलती है, जबकि 2014 से पहले इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट केवल 12 लाख करोड़ के आसपास था। बीते 10 सालों में बजट बढ़कर 44 लाख करोड़ हो गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में कितनी नौकरियां पैदा हुई होंगी। आज युवाओं के लिए जितने नए अवसर बने हैं, ये पहले कभी नहीं बने। आज चारों तरफ स्टार्टअप्स की गूंज है, यूनिकॉर्न्स चर्चा में है। 2014 के पहले डिजिटल इकोनॉमी का साइज ना के बराबर था। आज भारत, दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी है। लाखों युवा इससे जुड़े हैं और उनके सपनों को पंख लगे हैं।

## सड़क के नीचे पाई गई अज्ञात महिला की लाश, हत्या की आशंका

जौनपुर। थाना जलालपुर क्षेत्र के ग्राम ककोरी नहर पुलिया के दूसरी तरफ सड़क के नीचे एक अज्ञात महिला की लाश पाई गई है। अज्ञात महिला की उम्र लगभग 26 वर्ष जिसका हुलिया सावला रंग एकहरा बदन, नाक कान औसत स्वेटर प्रिन्टेड क्रीम कलर का पुरी बाह का समीज क्रीम कलर का प्रिन्टेड, क्रीम कलर की सलवार पहने हुए है। महिला के बाये हाथ के हथेली में एमएच लिखा हुआ है। उस महिला के बाल में केलेचर लगा हुआ। दाये हाथ की कलाई में रक्षासुत्र, दोनो पैरो की अगूँली मे एक मीना दाहिने हाथ के अगूँली मे रिंग व दोनो कान मे किल पहने हुए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला की लाश को मर्चरी हाउस में



रखवा दिया है। अभी तक मृत महिला की पहचान नहीं हो पाई है। अगर उक्त के संबंध में किसी को जानकारी हो तो जलालपुर पुलिस को सूचित करें। स्थानिय लोगों ने महिला की लाश मिलने पर हत्या की आशंका जताई गई है। महिला की लाश को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि हत्यारे कहीं और करके उक्त महिला की लाश को यहां सड़क के नीचे फेंक गएं हैं।

## उपजिलाधिकारी ने रात में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का किया औचक निरीक्षण, दिखे सन्तुष्ट

शाहगंज (जौनपुर)। जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार की रात्रि उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने अचानक सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर पहुंच कर औचक निरीक्षण किया।जहां पर उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई, ड्यूटी पर तैनात मेडिकल स्टाफ, मरीजों को दी जाने वाली सुविधाएं आदि का निरीक्षण किया।जिसमे सब कुछ व्यवस्थित होने और डॉक्टरों सहित अस्पताल स्टाफ की तन्मयता से डयूटी देख



उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सन्तुष्ट दिखे और अस्पताल अधीक्षक डाक्टर रफीक फारूकी की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान डाक्टर संजीव ,डाक्टर विजय बहादुर यादव, वार्ड बॉय सुरेंद्र, नर्सिंग स्टाफ आशा, वार्ड आया शिखा, स्वीपर रमेश, के साथ अधीक्षक डाक्टर रफीक फारूकी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास से विपक्षी खेमे में काफी बेचैनी दिखाई दे रही है

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

प्रधानमंत्री मोदी ने गत 5 फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण देते हुए कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल 1,000 सालों की नींव रखने का काम करेगा और उसमें बहुत बड़े फैसले होंगे। बीती 2 फरवरी को इंडिया मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की योजनाओं के बारे में बताया। जैसे ही पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की बात की तो लोग लगातार तालियां बजाने लगे। इसके बाद पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि समझदार को इशारा ही काफी होता है।

26 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में नए इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम के उदघाटन के अवसर पर अपने भाषण में कहा कि, मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी के चेहरे और भाषणों में झलकता आत्मविश्वास विपक्ष की बेचैनी का बड़ा कारण है। बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्योरा पेश करेंगे। लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। वास्तव में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है। एक तरफ विपक्ष इस आत्मविश्वास से भरा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत होगी तो दूसरी ओर नरेंद्र मोदी इस भरोसे में हैं कि वे तीसरी और ऐतिहासिक जीत हासिल कर पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे।

केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों में ही नहीं, बल्कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी वर्ष में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश अंतरिम बजट से न केवल सरकार का आत्मविश्वास झलकता है कि वह अपने कार्यों के बल पर ही तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी, बल्कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के उसके संकल्प का परिचय भी मिलता है। यह एक ऐसा अंतरिम बजट है, जिसमें सरकार ने चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं की। ध्यान रहे 2019 के अंतरिम बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं। इस बार ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसका मतलब है कि सरकार मानकर चल रही है कि जनता को उस पर भरोसा है कि वह देशहित में सही दिशा में काम कर रही है। विकास की राजनीति का यह एक नया उदाहरण है। जब सामने लगातार तीसरी पारी की लड़ाई का मैदान सज रहा हो और यह अपेक्षा हो कि लोकलुभावन घोषणाओं का तड़का लगेगा, तब नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से सामाजिक न्याय व समानता के अवसर पैदा करते हुए भविष्य के विकसित भारत का संकल्प दोहराना यह स्पष्ट करता है कि केंद्र में वापसी का विश्वास लबालब है। पीएम मोदी लोकलुभावन घोषणाओं के जरिए नहीं बल्कि अपने दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड, जो कहा सो पूरा किया के नारे के साथ ही जनता से समर्थन चाहते हैं।

मोदी-2 की सरकार ने आते ही जम्मू कश्मीर से धारा 370 की विदाई कर दी। राम मंदिर का रास्ता साफ किया और सीएए, एनआरसी जैसे कानून लेकर आई। मोदी-2 कार्यकाल की विदाई के चार महीने पहले अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। पिछले दिनों आई एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी की मार से बाहर निकले हैं। ग्रामीण स्तर पर वह सारी सुविधाएं पहुंच रही हैं जो पहले छोटे शहरों तक में उपलब्ध नहीं था। बीमारी हर साल पुनः गरीबी के चपेट में आने का बड़ा कारण रहा है लेकिन आयुष्मान योजना ने उस दशा में परिवर्तन ला दिया। सड़क, रेल और हवाई यातायात का परिदृश्य बदल रहा है, मैन्यूफैक्चरिंग के कारण रोजगार के नए नए रास्ते खुले हैं। लोगों की औसत आय में 50 फीसद की बढ़ोत्तरी हुई है और सामान्य रूप से यह विमर्श बना है कि देश बदल रहा है, आने वाले समय में दूसरों के लिए पथ प्रदर्शक बनेगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश आत्मविश्वास से भर रहा है और गौरव से भर रहा है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारत्मकता, आशा, भरोसा बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपार लोकप्रियता और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर बने माहौल को देखते हुए केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। ब्रिटेन के प्रमुख अखबार द गार्जियन में यह संभावना जताने के साथ ही कहा गया है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में जीत ने पार्टी की ताकत को और बढ़ाया ही है।

# सरकारी चिकित्सालय में नकली औषधियों की देकर जनता के प्राणों से खिलवाड़ करने की गंभीर घटना !

## औषधियों की गुणवत्ता की जांच न करनेवाले एवं नकली कंपनी को बचाने वाले कब गिरफ्तार होगें ? - हिन्दू विधिज्ञ परिषद का प्रश्न

कुछ दिन पूर्व ही अन्न एवं औषधि द्रव्य प्रशासन द्वारा नागपुर के सरकारी चिकित्सालय इंदिरा गांधी गवर्नमेंट मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल पर छापा मारकर नकली औषधि सिप्रोफ्लोक्सासिन की 21 हजार 600 नकली गोलियां जप्त की गई थी । इस प्रकरण में महाराष्ट्र में हाफकिन जैसी विख्यात औषधि अनुसंधान संस्था होते हुए भी उसकी उपेक्षा कर रिफाइंड फार्मा गुजरात नामक नकली औषधि कंपनी से नकली औषधियां क्यों खरीदी गईं ?, साथ ही इन औषधियों की जांच में जानबूझकर १० माह का विलंब क्यों हुआ ?, तब तक नकली औषधियों की आपूर्ति पूरे राज्य के शासकीय चिकित्सालयों में किसने होने दी ?, ये सभी रोगियो के प्राणों से खिलवाड करने की अत्यंत गंभीर घटना है । इस कारण सरकार को केवल नकली औषधियों की आपूर्ति करनेवाली कंपनी पर अपराध प्रविष्ट करना पर्याप्त नहीं है, अपितु औषधियों की गुणवत्ता की जांच न करनेवाले एवं नकली कंपनी को बचानेवाले कब गिरफ्तारी कब होगें, ऐसा प्रश्न हिन्दू विधिज्ञ परिषद के अध्यक्ष अधिवक्ता वीरेंद्र इचलकरंजीकर ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा है । इस पूरे षड्यंत्र में लिप्त दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग भी हिन्दू विधिज्ञ परिषद ने महाराष्ट्र सरकार से एक पत्र के द्वारा की है । इस संदर्भ में हिन्दू विधिज्ञ परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता वीरेंद्र इचलकरंजीकर ने महाराष्ट्र राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. तानाजी सावंत, अन्न एवं औषधि द्रव्य प्रशासन मंत्री धर्मरावबाबा अत्राम, साथ ही अन्न एवं औषधि द्रव्य प्रशासन विभाग के आयुक्त से लिखित शिकायत की है ।



अधिवक्ता वीरेंद्र इचलकरंजीकर

वास्तविक रूप से मार्च 2023 में अन्न एवं औषधि द्रव्य प्रशासन ने नागपुर के कमलेश्वर तहसील में ये नकली गोलियां जप्त की थीं । कमलेश्वर तहसील के सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र से जप्त की गई ये नकली गोलियां जांच के लिए मुंबई की सरकारी प्रयोगशाला में भेजी गई थी । इस जांच का रिपोर्ट 10 माह के उपरांत अर्थात दिसंबर 2023 में सामने आया । इस रिपोर्ट में उजागर हुआ है कि उक्त गोलियों में सिप्रोफ्लोक्सासिन नामक रोगप्रतिरोधक औषधि ही नहीं है । इन नकली औषधियां की आपूर्ति पूरे राज्य के सरकारी औषधि केंद्रों में की गई है । ये औषधि बनानेवाली रिफाइंड फार्मा, गुजरात नामक कंपनी का कोई अस्तित्व ही नहीं है । पुलिस ने इस संदर्भ में तीन लोगों के विरुद्ध अपराध प्रविष्ट किया है एवं उनमें से एक व्यक्ति ऐसी ही बनावटी औषधि विक्रय के अपराध में कारावास में दंड भोग रहा है ।

इस संदर्भ में अधिवक्ता इचलकरंजीकर ने पत्र में आगे कहा, अन्न एवं औषधि द्रव्य प्रशासन द्वारा की गई यह कार्रवाई अत्यंत अपूर्ण एवं अनेक संदेहास्पद है । मार्च 2023 में जांच के लिए ली गई गोलियों का रिपोर्ट दिसंबर 2023 में इतने विलंब से क्यों आया ? मार्च 2023 से दिसंबर 2023 की अवधि में जिन रोगियों को यह औषधि दी गई, उनका आगे क्या हुआ, यह ज्ञात होना चाहिए । जिन दोषियों पर अपराध प्रविष्ट किया गया है, उनमें से एक व्यक्ति नकली औषधि विक्रय के अपराध में कारावास में दंड भुगत रहा है, उस जांच में यह उजागर क्यों नहीं हुआ ?, अथवा घूस लेकर वह जांच बीचमें ही रोक दी गई ?, ऐसी अनेक शंकाएं निर्माण हो रही है । हाफकिन जैसी संस्थाओं की उपेक्षा कर सरकारी स्तर पर पूरी जांच किए बिना औषधियों खरीदने वालों तथा अन्य सभी दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए । इन घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार क्या करनेवाली है, इसकी जानकारी जनता को देनी चाहिए, ऐसा भी अधिवक्ता इचलकरंजीकर ने कहा है ।

## विद्यापीठ के मनोविज्ञान विभाग में संगीत चिकित्सा की पहल

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मनोविज्ञान विभाग में स्थापित संगीत चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं शोध केंद्र (उच्चानुशीलन केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुदानित) एवं महिला अध्ययन संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। संगीत सदियों से ग्रामीण परिवेश तथा छोटे कस्बों आदि में रहने वाली महिलाओं के लिए अपनी भावनाओं, अपने द्वंद्व, अपने घुटन,अपनी इच्छाओं को अभिव्यक्त करने का एकमात्र साधन रहा है` वर्त्तमान में इस क्षेत्र में हो रहे शोध कार्य ये बताते हैं कि संगीत चिकित्सा महिलाओं के सशक्तिकरण एवं कल्याण, उनकी पहचान को पुनः परिभाषित करने ,उन्हें उनके तकलीफ देने वाले अनुभवों से उबरने में सहायक हो सकता है। संगीत चिकित्सा पेरिमेनोपॉजल महिलाओं के मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक लक्षणों में मदद कर सकती है और उपचार के लिए प्रभावी है इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए दोनों सस्थानों के बिच समझौता हुआ` संगीत चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं शोध केंद्र के समन्वयक डॉ. दुर्गेश उपाध्याय ने बताया कि दोनों केंद्रों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर 6 फरवरी 2024 में हुआ दोनों विश्वविद्यालय इस समझौते के अंतर्गत एक दूसरे के विद्यार्थियों को कार्यशालाओं एवं व्याख्यानों के माध्यम से प्रशिक्षित करेंगे तथा शोध कार्य में भी साझेदार होंगे उन्होंने कहा महिला अध्ययन संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय की समन्वयक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव के सार्थक पहल से यह सम्भव हो सका। यह उत्तर प्रदेश के किसी भी राज्य अथवा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सबसे पहले काशी विद्यापीठ के मनोविज्ञान में "संगीत चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं शोध केंद्र" की स्थापना कुलपति प्रो.आनंद कुमार त्यागी के कुशल मार्गदर्शन, कुलसचिव डॉ. सुनीता पांडेय के सहयोग एवं विभागाध्यक्ष प्रो.रश्मि सिंह के नेतृत्त्व में हुआ है।

# किसानों के अनोखे विरोध का चंदवक पुल के पास लगवाया गया हेलीकॉप्टर रातों रात गायब

**हेलीकॉप्टर को कौन कहा और कैसे ले गया बना चर्चा का विषय, गायब हेलीकॉप्टर को लेकर नाराज किसान थाने में सौंपेंगे पत्रक**

प्रखर चंदवक, जौनपुर। आजमगढ़ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के डोभी क्षेत्र में लगभग 16 किलोमीटर अधूरी सड़क व भूमि अधिग्रहण किए जाने व मुआवजा न मिलने से किसानों का सब्र टूटता नजर आ रहा है।विवश किसान जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए नया अनोखा तरीका अपनाया शुरू कर दीए है। जिसके फलस्वरूप किसानों ने अजीत सिंह के नेतृत्व में वाराणसी आजमगढ़ मार्ग के गोमती नदी के समीप दिवाल पर मंत्री, सांसद व विधायक को डोभी क्षेत्र में आने के लिए हेलीकॉप्टर का प्रयोग करने का सुझाव दिया। जिसकी खबर प्रकाशित होते ही चहुओर चचाओं का बाजार गर्म हो गया।जिसके फलस्वरुप किसान बुधवार की दोपहर लोहे से निर्मित हेलीकॉप्टर का प्रतीकात्मक बनाकर श्लोगन लिखे उक्त मकान की छत पर रखवा दिया। मगर किसानों को कहा पता था कि जिसके लिए वह तीन घंटों की मेहनत कर रहे है उस हेलीकॉप्टर को रातों रात गायब




कर दिया जायेगा। विडंबना तो देखिए हेलीकॉप्टर को तो गायब कर ही दिया गया साथ ही दिवाल पर सुझाव हेतु लिखे श्लोगन पर कालिख पोतकर उसे भी मिटा दिया गया। हेलीकॉप्टर के गायब होने की सूचना मिलते ही किसानों के पैरो तले से जमीन खिसक गई हर कोई हैरान व परेशान दिखाई देने लगा। हेलीकॉप्टर को कौन कहा कैसे ले गया इसे लेकर क्षेत्र में जितने मुंह उतनी बातें होने लगी।लोगों का कहना है कि मोढ़ेला व चंदवक चौराहे पर पुलिस पिकेट है फिर भी हेलीकॉप्टर रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। और जिम्मेदार कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। जब कि किसानों के विरोध का तरीका पूर्णतया लोकतांत्रिक रह। वही किसान नेता अजीत सिंह ने बताया कि हेलीकॉप्टर को गायब करना निद्नीय कार्य है हम लोग शांतिपूर्ण तरीके से लंबित पड़े मुआवजे की मांग कर रहे थे, केवल जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए हम लोगो को ऐसा तरीका अपनाया पड़ा था। सुबह हम लोग हर तरफ गायब हुए हेलीकॉप्टर को खोजने का कार्य करेंगे अगर नहीं मिला तो हम सभी किसान थाने पर पहुंच शांतिप्रिय तरीके से पत्रक सौप कार्यवाही की मांग करेंगे।साथ ही आने वाले 21 फरवरी को डोभी के सभी किसान टोल प्लाजा पर पहुंच शांतिप्रिय तरीके से धरना कर अपनी मांगो को मांगेगे।

## मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



प्रखर ब्यूरो भांवरकोल/ गाजीपुर। मौनी अमावस्या के पर्व पर श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई धार्मिक मान्यता के अनुसार श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को मौन रहकर गंगा में पुण्य की डुबकी लगाने मोक्ष की कामना के साथ परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। अल सुबह से ही क्षेत्र के सेमरा ,शेरपुर, वीरपुर, पलियां, कोटवां आदि गंगा घाटों पर स्नानार्थियों की भारी भीड़ रही। स्नान के बाद श्रद्धालु मंदिरों में माथा टेक कर भगवान से आशीर्वाद लिया। स्नानोपरांन्त, अन्न, वस्त्र आदि दानकर पुण्य लाभ लिया। पौराणिक मान्यताओं में माघ मास की अमावस्या को दान-पुण्य करने से सभी प्रकार के कष्ट और पापों से मुक्ति मिलती है इस साल सर्वार्थ सिद्धि योग में उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाएं। सूर्योदय के साथ ही स्नान, दान और पूजन के अनुष्ठान शुरू हो गया। शुभ योग में मौनी अमावस्या का व्रत और स्नान करने से पूर्वज प्रसन्न होते हैं। जिसके चलते इस बार मौनी अमावस्या पर विशेष योग बन रहा है आपको बता दें कि मौनी अमावस्या के दिन मौन रहकर स्नान-दान का एक विशेष महत्व है. इस दिन गंगा तट पर स्नान-दान की अपार महिमा है. इस दिन गंगा स्नान करने से अश्वमेध यज्ञ करने के समान फल मिलता है मौनी अमावस्या के दिन जरूरतमंदों को अन्न वस्त्र आदि का दान कर ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। और दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

## मुख्तार की पत्नी आफसा व साले अनवर शहजाद की 2 करोड़ 35 लाख 13 हजार 803 रुपये जब्त

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आईएस 191 अपराधिक बैंक के सरगना मुख्तार अंसारी गिरोह के मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही हैं इसी क्रम में शासन द्वारा चिन्हित अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 05 फरवरी 2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर द्वारा प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी महोदया गाजीपुर द्वारा दिनांक 08 फरवरी 24 को पारित कुर्की आदेश अंतर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत अभियुक्तगण आफसा अंसारी पत्नी मुख्तार अंसारी (क्र-191 गैंग सरगना) निवासी दर्जी टोला थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर तथा अनवर शहजाद व सरजील उर्फ आतिफ रजा पुत्रगण जमशेद रजा निवासी सैय्यदबाड़ा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर के विरुद्ध प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर द्वारा प्रेषित आख्या के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट महोदया गाजीपुर के आदेश दि0 08 फरवरी 24 के अनुपालन में अभियुक्तगण द्वारा संचालित कम्पनी आगाज इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट लिमिटेड, ग्लोराइज लैण्ड डेवलपर, इनजियो नेटवर्क साल्यूसन, कुसुम विजन इंफ्रा प्रोजेक्ट व मेसर्स विकास कंसट्रक्शन के विभिन्न बैंक खातों से ट्रांसफर करके स्पेक्ट्रम इंफ्रा सर्विसेज प्रा0लि0 के बैंक आफ बड़ौदा शाखा लंका, वाराणसी के खाते में मौजूद 2 करोड़ 35 लाख 13 हजार 803 (2,35,13,803/-) रुपये को अंतर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गई ।

## लॉन में पकड़ा गया मोबाइल चोर

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। मंडुवाडीह क्षेत्र के चाँदपुर मार्ग पर स्थित एक लॉन में गुरुवार की रात शादी समारोह में 2 मोबाइल व एक व्यक्ति का एटीएम चोरी हो जाने पर लोगों ने मंडुवाडीह थाना प्रभारी भरत उपाध्याय को सूचना दी जिस पर थाना प्रभारी के साथ लहरतारा चौकी इंचार्ज राहुल सिंह व उपनिरीक्षक सत्यानन्द उक्त लॉन में पहुंचे और चोरी हुए मोबाइल पर फोन मिलाया तो एक व्यक्ति की जेब मे फोन बजने लगा जिस पर पुलिस टीम ने तलाशी ली तो उसके पास से चोरी किया हुआ मोबाइल व एटीएम बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम आशीष कुमार पाल 26 वर्ष निवासी कोरौता, थाना लोहता बताया।

## जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की मेहनत लाई रंग बखिरा झील क्षेत्र में बनेगा 50 मेगावाट क्षमता के फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट

प्रखर संत कबीरनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा बखिरा झील क्षेत्र, संत कबीर नगर में 50 मेगावाट क्षमता के फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लान्ट की स्थापना हेतु बाथमीट्री सर्वेक्षण कार्य के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उ०प्र० शासन, लखनऊ को अवगत कराया गया है कि बखिरा पक्षी विहार जनपद संत कबीर नगर के उत्तर भाग में राप्ती नदी के पश्चिम में स्थित सबसे बड़ा मैदानी आद्र भूमि है, जिसकी लम्बाई 09 से 10 कि0मी0 एवं चौड़ाई 03 से 3.50 कि0मी० है। इस झील के उपलब्ध जल एवं स्थल के सकारात्मक उपयोग हेतु उ0प्र0 सौर उर्जा नीति-2022 में दिये गये प्राविधानों के क्रम में निदेशक, यू0पी0 नेडा उ0प्र0 को 50 मेगावॉट क्षमता के फ्लोटिंग अथवा स्थलीय सोलर प्लांट की स्थापना का विस्तृत प्रस्ताव भेजा गया है।

तद्क्रम में निदेशक, यू0पी0 नेडा द्वारा बखिरा ताल पर प्रस्तावित फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लान्ट की क्षमता सम्बन्धित प्री-फिजिबिल्टी रिपोर्ट तैयार किये जाने के लिए बखिरा ताल का पिछले 30 वर्ष अथवा जितना अधिक से अधिक वर्ष का उपलब्ध हो सके, मासिक जल स्तर सम्बन्धित डाटा तथा बाथमीट्री सर्वेक्षण रिपोर्ट/डाटा उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है। बखिरा ताल का पिछले 30 वर्ष अथवा जितना अधिक से अधिक वर्ष का उपलब्ध हो सके, मासिक जल स्तर की सूचना बखिरा पम्प नहर द्वितीय गोरखपुर से प्राप्त हो गयी है, परन्तु बखिरा झील के बाथमीट्री सर्वेक्षण की कार्यवाही में तकनीकी विशेषज्ञता एवं संसाधन की आवश्यकता के दृष्टिगत रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेन्टर उ0प्र0 का सहयोग अपेक्षित है। उक्त के दृष्टिगत पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से अनुरोध किया है कि निदेशक, रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेन्टर उ0प्र0 को जनपद के बखिरा ताल के बाथमीट्री सर्वेक्षण के कार्य को शीघ्रता से सम्पन्न करते हुए आवश्यक रिपोर्ट/डाटा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया जाय।

## गाजीपुर लोकसभा जीत के साथ फिर एक बार मोदी सरकार बनेगी : आर.पी. कुशवाहा

प्रखर ब्यूरो जखनिया/ गाजीपुर। गाजीपुर लोकसभा प्रभारी आर पी कुशवाहा का जखनिया मंडल प्रथम में पार्टी कार्यकताओं के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर ग्राम सचिवालय जखनिया पर बैठक किया गया। उक्त अवसर पर आर पी कुशवाहा ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संगठन ने ठाना है कि इस बार उत्तर प्रदेश की समस्त 80 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी विजयी हो और पूरे देश में एनडीए 400 से पार के आंकड़े को छुए। इसके लिए भाजपा के हर कार्यकर्ता को आज से ही कमर कस लेनी होगी। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनेकों जन कल्याण के कार्य किए हैं और उनके नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आज विकास कर रहा है। उन्होंने कहा पूरे देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं बचा होगा जहां शोषित, वंचित, गरीब, किसान, नौजवान, माताओ, बहनों व सर्व समाज के लिए मोदी सरकार की योजनाएं न पहुंची हो। यह सरकार सबका साथ सबका



विकास के साथ काम कर रही है और आने वाले समय में हर गांव शहर की तर्ज पर विकस होगा, 2047 तक भारत विकसित होगा इस लक्ष्य के साथ काम कर रही है। हम सभी कार्यकताओं को गाजीपुर की सीट किसी भी हालत में जीतनी है सरकार की योजनाओं से जन-जन को अवगत कराना है और मोदी जी के नेतृत्व में पुनः देश में भाजपा की सरकार बनाना है। लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने कहा जखनिया ऊजार्वान क्षेत्र है, यहां के कार्यकताओं को जखनिया विधानसभा फतह करना है। सबको पार्टी का काम पूरा मनोयोग से करना है प्रत्याशी चाहे जो भी आए ना हो कोई चूक ना हो कोई भूल अपना प्रत्याशी कमल का फूल के साथ इस बार गाजीपुर लोकसभा को जीतना है। इस मौके पर जखनिया विधानसभा प्रभारी रघुवंश सिंह पप्पू, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रदेव कुशवाहा, अवधेषश यति, उमाशंकर यादव, अशोक गुप्ता, मनोज यादव, पीयूष सिंह, राजेश सोनकर, रुद्र प्रताप सिंह, संतोष कुशवाहा, धीरेंद्र सिंह, नंदलाल प्रजापति, दानिश वरा, बंटी गुप्ता, सुदामा यादव, अजय विक्रम सिंह सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धर्मवीर राजभर व संचालन भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने किया।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. कैलाश यादव की 8वीं पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज दिनांक 9 फरवरी को समाजवादी पुरोधा एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे स्व. कैलाश यादव की 8वीं पुण्यतिथि पर सकरा स्थित लुटावन महाविद्यालय में श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रृद्धांजलि सभा आरंभ होने के पूर्व उपस्थित समाजवादी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकताओं के साथ साथ उनके अनुयायियों ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलकर इस समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने के साथ साथ देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस श्रृद्धांजलि सभा में सांसद अफजाल अंसारी ने उन्हें सर्वसमाज का? नेता बताया और कहा कि वह दबे, कुचले, शोषितों के साथ साथ आम आवाम की आवाज थे। उनके मन में गरीबों के प्रति बहुत पीड़ा थी। गरीबों के दुख दर्द को वह अपना दुख दर्द समझते थे। गरीबों के दुख दर्द के निदान के लिए वह हर समय तैयार रहते थे। वह बहुत ही सरल और सहृदय थे। अपनी मीठे बोल और व्यवहार कुशलता के लिए जनपद ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में लोकप्रिय थे। वह लोकतंत्र के सजग प्रहरी थे।वह सामाजिक न्याय और और धर्मनिरपेक्षता के प्रबल पक्षधर और सशक्त पैरोकार थे।वह सम्बन्धों के धनी थे, सम्बन्ध निभाने में उनका कोई जोड़ नहीं था। उन्होंने कहा कि सभी को अपने पुरखों को याद करने की जरूरत है। जो लोग अपने पुरखों को याद नहीं करते उनका वजूद स्वतः समाप्त हो जाता है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कैलाश जी सभी का सम्मान और सभी की मदद करते थे । वह पक्ष के पहाड़ थे । ग्राम प्रधान से लेकर प्रदेश के कैबिनेट तक का उनका सफर संघर्षों से भरा पड़ा है। उनकी संघर्ष गाथा हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। हमें उनके जीवन से यह प्रेरणा मिलती है यदि व्यक्ति संघर्ष करेगा तो उसके लिए कोई मंजिल नामुमकिन नहीं है । विधायक डॉ विरेन्द्र यादव ने श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके अंदर संघर्ष करने की अद्भुत क्षमता थी। उनके मन में गरीबों के लिए गहरी वेदना और पीड़ा थी। जब भी अवसर मिला गरीबों ही नहीं समाज के हर तबके के लिए दिल खोलकर कलम चलाई। उनके संघर्षों से प्रेरणा लेकर हमें समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस श्रृद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से आजमगढ़ समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हवलदार यादव, पूर्व सांसद जगदीश कुशवाहा,पुर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा,पुर्व विधायक त्रिवेणी राम, पुर्व कैबिनेट मंत्री सनातन पांडे, वरिष्ठ नेता हरिनाथ यादव, पुर्व विधान परिषद सदस्य विजय यादव, पुर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन यादव, रामधारी यादव, डा. नन्हकू यादव, पुर्व मंत्री रमाशंकर राजभर,ब्लाक प्रमुख राजदेव यादव, रईस अंसारी,अरुण कुमार श्रीवास्तव, खेदन यादव, सिंकदर कन्नौजिया,मुन्नन यादव ,बलिराम पटेल,लोकगीत कलाकार विजय यादव, विजय बहादुर यादव सच्चेलाल यादव, रामबचन यादव, संजय सिंह, रविन्द्र प्रताप यादव, फेंकू यादव, तहसीन अहमद, आदि उपस्थित थे। इस श्रृद्धांजलि सभा की अध्यक्षता बजरंगी राम और संचालन राजेन्द्र यादव ने किया। श्रृद्धांजलि सभा के अंत में विधायक डॉ. विरेन्द्र यादव और लुटावन महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ. विभा यादव ने सभी आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## धर्मसिंघवा नगर पंचायत के अध्यक्ष के दबंगई से पीड़ित सभासदों ने भूख हड़ताल करने का किया ऐलान, डीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रखर संतकबीरनगर। यूपी के संत कबीर नगर जिले के मेहदावल तहसील क्षेत्र के धर्म सिंघवा नगर पंचायत के वर्तमान अध्यक्ष के खिलाफ निर्वाचित सभासदों ने मोर्चा खोलते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। नगर पंचायत अध्यक्ष को बताया दबंग । जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर बैठक न करने का गंभीर आरोप लगाया है सभासदों का कहना है कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसपा समर्थित है। आगे बताया कि नगर पंचायत धर्म सिंघवा का प्रथम बैठक 15 /6/ 2023 को सीकरी में किया गया था। बार-बार मांग करने के बाद भी आज तक अन्य कोई बैठक नहीं किया गया । अध्यक्ष के द्वारा बिना किसी बैठक व विज्ञापन के रिश्वत के रकम के आधार पर कर्मचारी और ठेकेदारों की नियुक्ति कर दिया गया है अध्यक्ष के द्वारा मनमाना ढंग से नगर पंचायत के धान का प्रयोग अपने कार्यों में खर्च किया जा रहा



है नगर पंचायत की जनता विकास कार्य करवाने के लिए कार्यालय का चक्कर काट रहे है। अध्यक्ष से जब जन समस्याओं के बाबत अवगत कराया जाता है तब समुचित जवाब देने के बजाय दबंगई पर उतारू हो जाते हैं । नाराज सभासदों ने आगे बताया कि बिना बैठक के मनमानी तरीके से विकास कार्यों का प्रस्ताव पास कर अध्यक्ष सरकारी धन का बंदर बाट करने में लगे हुए हैं। अध्यक्ष के अचार , विचार क्रियाकलाप और दबंगई से अजीज आकर हम सभी सभासद जिला अधिकारी के कार्यालय पर भूख हड़ताल करने के लिए विवस है वही नाराज सभासदों ने बताया कि इस मामले में नगर पंचायत धर्म सिंहवा के अध्यक्ष वसीमुद्दीन के द्वारा कराए गए समस्त कार्यों का जांच करवा कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए नगर पंचायत धर्म सीमा का नियमित बैठक हरमन करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए सभासदों ने आगे बताया कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो हम लोग अपनी मांगों को लेकर वृद्ध आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। नगर पंचायत धर्म सिंघवा के नाराज सभासदों का यह भी आरोप है की अधिशासी अधिकारी कभी नगर पंचायत के कार्यालय में बैठते ही नहीं कभी मेहदावल तो कभी बेलहर रहते हैं ऐसे में नगर पंचायत धर्म सीमा का विकास कैसे होगा। वही धर्म सिंघवा नगर पंचायत के वर्तमान अध्यक्ष वसीमुद्दीन अंसारी ने बताया कि सभासदों के द्वारा लगाए गए सभी आरोप बे बुनियाद हैं अगर मैं भ्रष्टाचारी हूं तो जिलाधिकारी महोदय जांच करावे, अगर मैं विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया तो मैं सजा भुगतने के लिए तैयार हूं। इस मामले पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि धर्म सीमा नगर पंचायत से चलकर आए सभासदों ने मुझे शिकायती पत्र दिया है मेरे द्वारा इस प्रकरण की जांच अपर जिला अधिकारी को दी गई है जांच में कहीं अगर खामियां मिलती हैं या इस प्रकार की कोई बात होती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे सभासदों शशि कपूर राय, चमेली देवी, अर्चना अग्रहरि, राम शंकर दुबे, राजकुमार शर्मा ,किरण मौर्य ,रमजान अली आदि लोग मौजूद रहे।

## स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली बाइक सवार को बचाने में पलटी, दर्जन भर लोग घायल

प्रखर संतकबीरनगर। मौनी अमावस्या के दिन जहां पूरे देश में श्रद्धालु भक्त नदियों में आस्था की डुबकी लगा रहे थे, वही संतकबीरनगर जिले में श्रद्धालुओं को लेकर एक बहुत बड़ा हादसा हो गया । दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय सीएससी में पहुंचा जहां उनका उपचार किया जा रहा है. मौनी अमावस्या का स्नान कर टाली ट्रैक्टर से लगभग 35 से 40 लोग विडहल घाट स्नान कर लौट रहे थे की अचानक बाइक सवार को बचाने में लहुरें गांव के पास अनियंत्रित होकर ट्रेक्टर टाली पलट गई । ट्रेक्टर टाली मे सवार श्रद्धालु में लगभग 18 लोग घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों की मदद से मौजूदा सीएससी पर पहुंचाया गया और उनका उपचार किया जा रहा है। मामला संत कबीर नगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के लहुरे गांव का हैं आपको बता दे की दरअसल पूरा मामला यूपी के संत कबीर नगर जिले के धनघटा थाना अंतर्गत लहुरे गांव का है जहां बिडहर घाट पर ट्राली ट्रैक्टर में सवार होकर 35,40 श्रद्धालु स्नान करने आए थे। स्नान कर वापसी के दौरान लहुरे गांव के पास अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार को बचाने के चक्कर में ट्राली का नियंत्रित होकर पलट गई जिसमें ट्राली ट्रैक्टर में सवार श्रद्धालु 18 लोग घायल हो गए। घायलों की सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने नजदीकी अस्पताल मलौली में उन्हें भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### टीकाकरण करने में लापरवाही पड़ा भारी, स्वास्थ्य कार्यकर्त्री गोड़उर स्थानांतरित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला महिला चिकित्सालय में तैनात स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रीति राय जो पीपी सेंटर में तैनात थी। जिन्हें बच्चों का टीकाकरण करने की जिम्मेदारी थी लेकिन उसमें उन्होंने लापरवाही बरतने के साथ ही उन्होंने पिछले दिनों मुख्य चिकित्सा अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता के दौरान अभद्रता किया था। जिसके क्रम में प्रशासनिक आधार पर उन्हें पीपी सेंटर जिला महिला चिकित्सालय गाजीपुर से उप केंद्र ढूडिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोड़उर के रिक्त चल रहे पद पर स्थानांतरित किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने बताया कि बच्चों के होने वाले टीकाकरण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने के साथ दूरभाष पर वार्ता के दौरान प्रीति राय के द्वारा अभद्रता किया गया था। जिसको लेकर उनका ट्रांसफर किया गया है। उन्होंने इसको लेकर जिला महिला चिकित्सालय के अधीक्षक एवं प्रभारी अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोड़उर से योगदान प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया है। तथा प्रभार प्रमाण पत्र संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दिया है। साथ ही उन्होंने बताया कि इनका फरवरी 2024 का वेतन भी नई तैनाती स्थल से देय होगा।

### सादात पुलिस ने किया चोरी के सामान सहित दो चोरों को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के कुशल पर्यवेक्षण में गुरुवार को जल निगम का गोदाम बहद ग्राम बड़ागाँव में हुई चोरी की घटना के सम्बन्ध में थाना सादात गाजीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 10/2024 धारा 379/411 भादवि का थाना सादात गाजीपुर की टीम द्वारा सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः राधेश्याम राजभर पुत्र रामचन्द्र राजभर, किशन राजभर पुत्र रामपलट राजभर समस्त निवासी गण ग्राम बड़ागाँव थाना सादात जनपद गाजीपुर को चौबीस घंटे के अंदर शुक्रवार को समय 05.20 बजे सुबह प्यारेपुर चौराहा के पास से गिरफ्तार करते हुए उनके निशादेही पर चोरी गये सामान 04 बण्डल सरिया (प्रत्येक बण्डल में 10 सरिया) ब्राण्ड टाटा टीसकान 550डी को बरामद करने में सफलता प्राप्त किया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार करने मे शामिल पुलिस टीम में थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी थाना सादात, उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार थाना सादात, हेड कांस्टेबल दूधनाथ थाना सादात, कांस्टेबल भाईलाल बिन्द थाना सादात, गाजीपुर शामिल रहे।

### ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन



प्रखर हरपुर बुदहट गोरखपुर । हरपुर बुदहट थाना अंतर्गत ग्राम सभा कटिया में पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद ग्रामीणों की समस्या सुनी गई तथा कुछ का निस्तारण किया गया, किसान सम्मन निधि, वृद्धा पेंशन , विधवा पेंशन ,एवम राशन कार्ड का मुद्दा छाया रहा ,ग्राम चौपाल में सचिव गौरी सिंह,ग्राम प्रधान सुशील सिंह, रोजगार सेवक , एवम सांसद प्रतिनिधि सहजनवा डॉक्टर आरडी सिंह,बीडीओ सत्यकाम तोमर मौजूद रहे !

### समाजसेवी का मुंबई में निधन, शोक

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जमुहाई गांव निवासी समाजसेवी इंद्रसेन सिंह 60 वर्ष की उम्र मे मुंबई में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय इन्द्रसेन सिंह बिजनेसमैन अमित कुमार सिंह सोनू के बडे चाचा जी थे। प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, भाजपा नेता अजय सिंह खर्चू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंचम राजभर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधी सुनील कुमार यादव मम्मन, जितेंद्र सिंह झिनकू, राहुल सिंह ने शोक संवेदना जताई। वही काफी संख्या मे लोगों ने घर पहुंच कर शोक प्रकट किया और परिजनों को सांत्वना दी। उनका अंतिम संस्कार मुंबई में ही किया।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। मंडुवाडीह क्षेत्र के राणा नगर कॉलोनी में शुक्रवार की दोपहर गोपाल सिंह उम्र करीब 50 वर्ष ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला खत्म कर ली। मिली जानकारी के अनुसार राणा नगर निवासी मृतक गोपाल सिंह रेलवे में कार्यरत थे। शुक्रवार की दोपहर में मकान के एक कमरे में रोशनदान के सहारे उन्होंने फांसी लगा ली तभी उनकी पत्नी योगिता ने यह देख शोर मचाना शुरू कर दिया,शोर सुनकर आसपास के लोग आए और गोपाल सिंह को उतारकर ट्रामा सेंटर ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लहरतारा चौकी इंचार्ज राहुल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जाएगा।

### सुधाकर महिला पी.जी. कॉलेज में पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को आइईएमएस पोर्टल की हैण्ड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। पाण्डेयपुर स्थित सुधाकर महिला पी.जी.कॉलेज में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को आइईएमएस पोर्टल की हैण्ड्स-ऑन प्रशिक्षण 9 फरवरी शुक्रवार को संपन्न हुआ जिसमें 11 जिलों के अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने भाग लिया` सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह के समन्यवक डॉक्टर अशोक कुमार पाण्डेय ने जिलाधिकारी एस.राजलिंगम, का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया` सर्वप्रथम भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य सचिव अवनीश कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद कुमार पाण्डेय और मोहम्मद अली एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुरूआत किया गया और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया इसके पश्चात सुधाकर महिला पी.जी. कॉलेज की छात्रा आयुषी दुबे और पलक दूबे ने गणेश वंदना और स्वागत गीत से अतिथियों का अभिनंदन किया` इस प्रकार के कार्यक्रम प्रथम बार आयोजित होने से अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने संतोष व्यक्त किया जबकि इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सदस्यों ने जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और मुख्य सचिव,भारत निर्वाचन आयोग के अवनीश कुमार से विभिन्न प्रकार के प्रश्नों से संतोषप्रद जवाब प्राप्त किया जबकि निर्वाचन आयोग से आए हुए मोहम्मद अली ने पोर्टल की हैंडल ऑन प्रशिक्षण पर तकनीकी पहलुओं के माध्यम से जानकारी प्रदान किए` इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रभु नारायण दूबे ने कहा कि अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को पोर्टल की हैंडल ऑन प्रशिक्षण के कार्यक्रम से लोकतंत्र मजबूत होगा जबकि निदेशक आशीर्वाद दूबे ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बार बार कराने की अवश्यकता है इस अवसर पर सतीश कुमार सिंह और महाविद्यालय की ओर से डॉ. अवनीश पाण्डेय, डॉ. श्याम सुन्दर मिश्रा, डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव, डॉ. रोली पाण्डेय, डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव,डॉ. प्रीति सिंह, डॉ.अनीता सिंह, डॉ. आशुतोष मिश्रा, डॉ. प्रतिमा मिश्रा, दर्शन पाण्डेय, डॉ. अर्चना ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया `कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरोज सिंह ने किया।

## ग्लोबल वॉर्मिंग: दुनिया में पहली बार 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ी

**नई दिल्ली।** पहली बार दुनियाभर में एक साल में ग्लोबल वॉर्मिंग 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ी है। ये डेटा यूरोपियन यूनियन के क्लाइमेट सर्विस ने बताया है। विश्व के नेताओं ने 2015 में वादा किया था कि दीर्घकालिक तापमान वृद्धि को 1.5 सेल्सियस तक सीमित करने की कोशिश रहेगी, ये जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक असर को कम करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण है। यह पहला साल है, जब तापमान वृद्धि ने ऐतिहासिक पेरिस समझौते के तय तापमान (2 डिग्री सेल्सियस) को तो पार नहीं किया, लेकिन ये चिंता बड़ी हो चुकी है कि लंबे समय में ये सीमा पार हो सकती है। वैज्ञानिक मानते हैं कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने की रफ्तार काफी कम है।

## बिहार विधानसभा स्पीकर का इस्तीफा से इनकार

**पटना।** बिहार विधानसभा के स्पीकर अवध बिहारी चौधरी ने साफ कहा है कि वो 12 फरवरी को शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले इस्तीफा नहीं देंगे। इस सत्र में ही नीतीश कुमार को सदन में संख्या बल साबित करना है। नई एनडीए सरकार ने चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है, लेकिन वो इस बात पर अड़े हैं कि बिहार की नई सरकार के फ्लोर टेस्ट के बाद ही वो इस्तीफा देंगे। पत्रकारों से बात करते हुए आरजेडी के वरिष्ठ नेता अवध बिहारी चौधरी ने कहा, मैं इस्तीफा नहीं देने जा रहा हूं। मैं 12 फरवरी को विधानसभा में रहूंगा और नियमों के अनुसार सदन की कार्यवाही संचालित करूंगा। बिहार की नई एनडीए सरकार ने कहा था कि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है और इस प्रस्ताव के साथ स्पीकर अपने पद पर बने नहीं रह सकते। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा- नियमानुसार नोटिस मिलने के 14 दिन के भीतर स्पीकर को फैसला लेना चाहिए। नोटिस मुझे आज ही मिला है।

## कश्मीर: टारगेट किलिंग के दूसरे शख्स की भी मौत

**श्रीनगर।** श्रीनगर में बुधवार देर शाम को पंजाब के दो लोगों को आतंकियों ने गोली मार दी थी, जिसमें एक व्यक्ति की तुरंत मौत हो गई और इस घटना में गंभीर रूप से घायल दूसरे व्यक्ति की गुरुवार सुबह मौत हो गई। एसएमएचएस अस्पताल ने बातचीत में मौत की पुष्टि की है। कश्मीर पुलिस के मुताबिक, श्रीनगर के हबा कदल इलाके में शाम सात बजे आतंकियों ने अमृतपाल और रोहित नाम के दो लोगों पर गोली चलाई थी। पुलिस की जानकारी के मुताबिक, ये दोनों लोग पंजाब के अमृतसर के रहने वाले थे।

## रूस: राष्ट्रपति चुनाव में पुतिन के प्रतिद्वंद्वी की उम्मीदवारी खारिज

**नई दिल्ली।** रूस के चुनाव आयोग ने अगले महीने होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव में व्लादिमीर पुतिन को चुनौती देने वाले बोरिस नादेजदिन की उम्मीदवारी खारिज कर दी है। बोरिस ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बोरिस नादेजदिन ने यूक्रेन में व्लादिमीर पुतिन के छेड़े युद्ध के धुर विरोधी और आलोचक रहे हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, बोरिस नादेजदिन के आवेदन पत्र में 15 फीसदी हस्ताक्षरों में गड़बड़ी है। बोरिस नादेजदिन ने चुनाव आयोग के इस दावे को चुनौती देना चाहा, लेकिन उनकी उम्मीदवारी खारिज हो गई। बोरिस नादेजदिन ने सोशल मीडिया पर कहा है कि वह हार नहीं मानेंगे और इस फैसले को रूस की सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा, मैंने पूरे रूस में 2 लाख से अधिक हस्ताक्षर हासिल किए थे। वहीं केंद्रीय चुनाव आयोग ने कहा है कि नादेजदिन के इकट्ठे किए हस्ताक्षरों में 9 हजार से अधिक अवैध थे।

## आज का इतिहास

- 2010 में भारत सरकार ने बीटी बैंगन की व्यावसायिक खेती पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगाई थी।
- 1999 में भारतीय निर्देशक शेखर कपूर की फिल्म 'एलिजाबेथ' ऑस्कर के लिए नॉमिनेट की गई थी।
- 1991 में लिथुआनिया में मतदाताओं ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मतदान किया था।
- 1975 में रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज 17 अंतरिक्ष से 29 दिन बाद धरती पर लौटा था।
- 1971 में अपोलो 14 मिशन चांद से पृथ्वी पर लौटा था।
- 1951 में स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिए सूची बनाने का कार्य शुरू किया गया था।
- 1941 में लीबिया के तटीय शहर अल अघीला पर ब्रिटिश सेना ने कब्जा किया था।
- 1931 में भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया था।
- 1788 में ऑस्ट्रिया ने रूस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की थी।
- 1993 में भारतीय ग्रैंड मास्टर खिलाड़ी परिमार्जन नेगी का जन्म हुआ था।



# दिल्ली-नोएडा बॉर्डर से हटे किसान, सरकार को दिया 7 दिन का समय

### पुलिस कमिश्नर बोले- मांगों के लिए हाईलेवल कमेटी का किया गया गठन

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ धरने पर बैठे किसानों ने अब रास्ता छोड़ दिया है। बता दें कि वो 5 घंटे से दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे थे। गुरुवार को किसान संगठन के अध्यक्ष सुखेर खलीफा ने कहा कि पुलिस कमिश्नर की तरफ से आश्वासन मिला है। हम लोगों ने 7 दिन में मांगे पूरी करने का समय दिया है।

ऐसे में अब धीरे-धीरे दिल्ली-नोएडा के अलग-अलग रास्तों पर लगा जाम खुलने लगा है। हालांकि पूरी तरह से जाम खुलने में अभी थोड़ा समय लगेगा। एक हाईलेवल कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में औद्योगिक मंत्री, आईआईडीसी चेयरमैन मनोज सिंह, एसीएस एसपी गोयल, तीनों अथॉरिटी के सीईओ, सीपी और जनप्रतिनिधि शामिल रहेंगे। एनटीपीसी के लिए किसान पावर सेक्रेट्री और सीएमडी से बैठक करेंगे। किसान उठाकर अपने धरना स्थल सेक्टर-6 और सेक्टर-24 एनटीपीसी में किसान जाएंगे।

### मुआवजा पर नहीं बन सकी रजामंदी

किसानों की नाराजगी की वजह यह है कि उन्हें जमीन के बदले या तो मुआवजा नहीं मिला और जिन्हें मिला भी उन्हें उनकी मांग के अनुरुप नहीं मिला। साथ ही कुछ भूमिहीन परिवार भी मुआवजे की मांग कर रहे हैं। 2019 के बाद से ही नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ किसान प्रदर्शन कर रहे हैं।

### 250 किसानों से महामाया फ्लाईओवर के नीचे बातचीत

नोएडा से दिल्ली जाने वाले महामाया फ्लाईओवर के नीचे पुलिस ने किसानों को रोका है। इस सड़क को बंद किया गया है। यहां करीब 250 किसान मौजूद हैं। पुलिस अधिकारियों के साथ किसानों की करीब 30 मिनट तक बातचीत चली। लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद किसानों ने दिल्ली की तरफ कूच कर दिया। नोएडा-दिल्ली चिल्ला बॉर्डर पर भारी पुलिस बल से साथ बैरिकेडिंग गई है। सीमेंट ब्लॉक रखे गए हैं। ताकि किसान दिल्ली कूच करें तो सीमेंट ब्लॉक लगाकर उन्हें रोका जा सके।

### 81 गांवों के किसानों का प्राधिकरण से विवाद

नोएडा को 81 गांव की जमीनों पर बसाया गया है। 1997 से 2014 के बीच जमीनें अधिग्रहित हुईं। इस दौरान 16 गांव के किसानों को मुआवजा और 5 प्रतिशत विकसित प्लॉट दिए गए। बाकी गांव के किसान हाईकोर्ट चले गए। उन्होंने मुआवजा और विकसित प्लॉट देने की प्रक्रिया को चुनौती दी। कोर्ट में नोएडा प्राधिकरण के भू-अर्जन अधिनियम 1984 के प्रावधान के मुताबिक 16 गांव की 19 अधिसूचनाओं को चुनौती दी गई। इस चुनौती पर हाईकोर्ट ने 21 अक्टूबर 2011 को किसानों को 64.70 प्रतिशत की दर से मुआवजा और उनकी जमीन जितना 10 प्रतिशत प्लाट आबादी में देने का आदेश दिया। बाद में इस आदेश के विरोध में भी कुछ किसान कोर्ट गए। इसमें ऐसे किसान थे, जिनकी याचिका खारिज कर दी गई या जो कोर्ट नहीं गए। कोर्ट ने उनकी मांगों को लेकर प्राधिकरण को निर्णय लेने का आदेश दिया।

### नवाज और बिलावल अपनी-अपनी सीटों पर कर रहे लीड

# पाकिस्तान चुनाव: 138 सीटों के रुझानों में इमरान समर्थक सबसे ज्यादा 80 पर आगे

**● इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म होने के बाद काउंटिंग जारी है। मतदान सुबह 8.30 बजे शुरू हुआ और शाम 5.30 बजे तक चला। वोटिंग की गिनती के बीच रुझान भी आने लगे हैं। हालांकि आधिकारिक नतीजे शुक्रवार यानी 9 फरवरी तक ही आने की उम्मीद है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हो रहा है। बाकी सीटें रिजर्व हैं। वोटिंग के दौरान मुल्क में कई घंटे तक मोबाइल और इंटरनेट सर्विस करीब-करीब बंद रहीं। इस बीच, न्यूज चैनलों ने अपनी वेबसाइट्स से इलेक्शन रिजल्ट टैली हटा ली हैं।




### खैबर में महिलाओं को वोट देने से रोका

खबरों के मुताबिक खैबर पखतूनख्वा के स्वाबी इलाके में लोगों ने महिलाओं को मतदान नहीं करने दिया। इस इलाके में 6 हजार महिला मतदाता हैं। इसके अलावा पंजाब की एनए-59 सीट पर भी एक भी महिला ने वोट नहीं डाला।

### ये इमरान खान की जीत: पीटीआई

काउंटिंग के दौरान इमरान खान की पार्टी पीटीआई का भी रिएक्शन आया। पीटीआई ने सोशल मीडिया पर कहा- फासिस्ट सरकार ने लोगों को मतदान से रोकने के लिए हर हथकंडा अपनाया, इसके बावजूद अवाम ने हौसले और साहस से भारी वोटिंग की। उसने जुल्म करने वाली ताकतों को नकार दिया है। ये इमरान खान, पीटीआई और पाकिस्तान की बड़ी जीत है। पाकिस्तान की होम मिनिस्ट्री ने गुरुवार रात 8.30 बजे सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- मुल्क के कुछ हिस्सों में मोबाइल सर्विस बहाल की जा चुकी है। बहुत जल्द ये पूरे देश में बहाल हो जाएगी।

### खैबर प्रांत में गोलीबारी, 5 पुलिसकर्मियों की मौत, बलूचिस्तान में धमाका, 2 बच्चों की मौत

खबरों के मुताबिक पुलिस प्रमुख रऊफ कैसरानी ने कहा- खैबर प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची इलाके में एक पुलिस पेट्रोलिंग टीम को निशाना बनाया गया। यहां बम धमाका हुआ और गोलीबारी हुई। इसमें 4 पुलिसवाले मारे गए। 2 घायल हैं। इससे पहले टांक रीजन में एक पोलिंग स्टेशन पर फायरिंग में पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। अब तक खैबर में कुल 5 पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है। इधर, खैबर में अफगान बॉर्डर के करीब एक पोलिंग बूथ पर तालिबान ने हमला किया। इस दौरान तीन महिला एजेंट्स घायल हो गईं। बलूचिस्तान के खरान में लेवी फोर्स वाहन के पास धमाका हुआ है। एक पुलिस अफसर की मौत हुई है। 2 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं, बलूचिस्तान के लज्जा शहर में धमाका हुआ है। इसमें 2 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है, जबकि 9 घायल हुए हैं। पाकिस्तान की लेवीस पैरामिलिट्री फोर्स ने इसकी पुष्टि की है। क्वेटा के बर्मा होटल के पास भी धमाके की आवाज सुनाई दी है। उधर, बलूचिस्तान के पंजगुर में धमाका हुआ। इसमें 2 बच्चों की मौत हो गई हैं। हमला सरकारी हाईस्कूल मलिक आबाद के पोलिंग स्टेशन पर हुआ। इसके बाद वहां वोटिंग बंद कर दी गई।

### कराची में बंदूक की नोंक पर छीने बैलट पेपर के बक्से, कई लोग घायल

कराची के एनए-247 सीट से बंदूक की नोक पर पोलिंग ऑफिसर से बैलेट पेपर के 12 बक्से छीन लिए गए। कराची की एनए-233 सीट के 2 पोलिंग स्टेशंस पर कुछ हथियारबंद घुस गए। उन्होंने बैलट बॉक्स तोड़ दिए और वहां से फरार हो गए। कराची में एनए-248 सीट के पोलिंग स्टेशन में कुछ नकाबपोश घुस गए और सैकड़ों बैलट पेपर लेकर वहां से फरार हो गए। मतदान केंद्र के बाहर मौजूद सुरक्षाकर्मी भी इन लोगों को नहीं रोक पाए। बूथ पर मौजूद पीटीआई उम्मीदवार अर्सलान खालिद ने घटना का वीडियो बनाकर चुनाव आयोग को भेजा है। पंजाब की झांग सीट के पोलिंग स्टेशन पर एक पार्टी के कुछ कार्यकर्ता नकाब पहनकर पहुंचे और तोड़फोड़ की। नकाबपोश बैलट बॉक्स लेकर भाग गए। इसके बाद पोलिंग बूथ पर वोटिंग रोक दी गई है। कराची के राफा-ए-आम जिमखाना में जमात-ए-इस्लामी और एमक्यूएम के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई है। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। कई कार्यकर्ता घायल। जमात-ए-इस्लामी ने एमक्यूएम के कार्यकर्ताओं पर कैंप में हमला करने का आरोप लगाया।

# फेसबुक लाइव में गोली मारकर हत्या, फिर खुदकुशी

### हमलावर ने उद्धव गुट के नेता के बेटे को लाइव चैट पर बुलाया और फिर कर दिया फायर



**मुंबई।** मुंबई में उद्धव गुट के नेता और पूर्व विधायक विनोद घोषालकर के बेटे अभिषेक घोषालकर की गोली मार कर हत्या कर दी गई। अभिषेक को जब गोली मारी गई, उस वक्त वे फेसबुक लाइव चैट में चर्चा कर रहे थे। अभिषेक को गोली मारने वाला मॉरिस था। अभिषेक पर फायरिंग के बाद उसने खुद को भी 4 गोलियां मारीं। इस घटना में अभिषेक घोषालकर और आरोपी मॉरिस दोनों की मौत हो गई है। आरोपी मृतक मॉरिस भाई के नाम से मशहूर था। वीडियो में दिखाई दे रहा शख्स ही मॉरिस है। उसने पहले फेसबुक लाइव के बहाने अभिषेक घोषालकर को ऑफिस बुलाया और बाद में उस पर गोली चला दी।

### हत्या की वजह पता नहीं चल सकी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घटना की वजह पता नहीं चल सकी है। रिपोर्ट्स में यह कहा जा रहा है कि दोनों में कुछ मनमुटाव था। हालांकि हाल ही में दोनों के बीच समझौता हो गया था। मॉरिस ने घोषालकर को अपने ऑफिस में बुलाया था, जिसका वेबकास्ट फेसबुक पर किया जा रहा था।

**पिछले हफ्ते थाने में हुई थी शिवसेना नेता की हत्या:** ऐसी ही एक घटना पिछले हफ्ते महाराष्ट्र के उल्हासनगर में हुई थी। जहां जमीन विवाद के चलते भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ और उनके एक साथी ने शिंदे गुट के नेता महेश गायकवाड़ को पुलिस स्टेशन के अंदर गोली मार दी थी। दोनों एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत करने के लिए 2 फरवरी की रात करीब 10 बजे हिल लाइन पुलिस स्टेशन पहुंचे थे। आरोपी भाजपा विधायक समेत 3 फरवरी को तीन लोगों को गिरफ्तारी हुई। इन्हें उल्हासनगर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की ज्यूडीशियल कस्टडी में भेज दिया गया।

# हल्द्वानी में अवैध मदरसे को बुलडोजर से गिराया विरोध में लोगों ने किया पथराव और आगजनी

### एसडीएम और पुलिसवाले घायल, इलाके में कर्फ्यू लगाया गया, दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में हल्द्वानी नगर निगम ने शहर में बने एक मदरसे को गुरुवार को बुलडोजर से गिरा दिया। यहां नमाज पढ़ने के लिए भी एक बिल्डिंग बनाई जा रही थी, उसे भी बुलडोजर से गिरा दिया गया। इससे गुस्साए लोगों ने नगर निगम की टीम पर हमला कर दिया। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाने को चारों ओर से घेरकर पथराव किया। कई गाड़ियों को जला दिया। ट्रांसफार्मर में भी आग लगा दी, इससे इलाके में बिजली सप्लाई ठप हो गई। डीएम ने वनभूलपुरा में कर्फ्यू लगा दिया है और दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- अतिक्रमण कोर्ट के आदेश पर हटाया गया है। मौके पर पुलिस और केंद्रीय बलों की कंपनियां भेजी जा रही हैं। जिन लोगों ने हमला और आगजनी की है उनकी पहचान कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बवालियों ने मदरसा ढहाने वाले बुलडोजर में भी तोड़फोड़ की। पथराव में एसडीएम, पुलिस-निगमकर्मी, पत्रकार चोटिल हुए। पुलिस ने हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले छोड़कर उपद्रवियों को खदेड़ा।

# दिल्ली मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म का हिस्सा गिरा

### एक की मौत, चार घायल, मृतक के परिवार को 25 लाख का मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पर पड़ने वाले गोकुलपुरी स्टेशन का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। दिल्ली मेट्रो ने बताया है कि गुरुवार सुबह 11 बजकर 4 मिनट पर गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म का एक हिस्सा सड़क पर गिर गया। इसमें पांच लोग घायल हुए, जिन्हें फौरन इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान इनमें से एक की मौत हो गई। इस हादसे की कार्रवाई में डीएमआरसी के दो कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इनमें से एक सिविल डिपार्टमेंट के मैनेजर और दूसरे जूनियर इंजीनियर हैं। दिल्ली मेट्रो ने ये भी बताया है कि मामूली रूप से घायलों को एक लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को पांच लाख और मृतक के परिवार को 25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा।

# ईडी का दावा... आर्किटेक्ट बिनोद और हेमंत सोरेन के बीच हुई 539 पेज की वॉट्सएप चैट

**रांची**



जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तार हेमंत सोरेन और आर्किटेक्ट बिनोद सिंह के बीच चैट होने का ईडी ने दावा किया है। जांच एजेंसी ने कोर्ट में हेमंत सोरेन और आर्किटेक्ट बिनोद सिंह के बीच 539 पेज के वॉट्सएप चैट होने की बात कही। इसके कुछ पेज कोर्ट में भी पेश किए।

वहीं जमीन घोटाले को लेकर झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर ईडी का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। ईडी ने हेमंत सोरेन को जहां फिर से 5 दिनों की रिमांड पर लिया है तो वहीं अब पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे भी हो रहे हैं। ईडी की विशेष अदालत में बड़गाईं अंचल के भानू प्रताप प्रसाद से जुड़ी जानकारियां साझा की तो वहीं इसके साथ ही ईडी के अधिकारियों ने आर्किटेक्ट बिनोद सिंह के वॉट्सएप चैट के भी कुछ पन्नों को ईडी की विशेष अदलात में पेश किया, जिसमे कई आईएएस और आईपीएस के साथ ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर चैट शामिल है। इडी के द्वारा जो याचिका अदालत में पेश की गई उसमें भानू प्रताप प्रसाद के खिलाफ जो एफआईआर सदर थाने में दर्ज की गई है उसकी पूरी जानकारी दी गई है। ईडी ने बताया है कि 13 अप्रैल 2023 को तलाशी के दौरान भारी मात्रा में रजिस्टर जब्त किए गए थे।

## Filmi तड़का

# टिशू पेपर से शुरू हुई थी ईशा-भरत की लव स्टोरी

**स्कूल में पहली बार मिले थे दोनों, शादी के 11 साल बाद अलग हुआ कपल**

**मुंबई।** ईशा देओल और भरत तख्तानी ने जॉइन्ट स्टेटमेंट जारी करके अपने तलाक की पुष्टि की है। कपल ने आपसी सहमति से तलाक लेने का फैसला लिया है। लेकिन क्या आप जानते हैं ईशा और भरत की लव स्टोरी उनके स्कूल के समय से शुरू हुई थी। दोनों स्कूल के समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। ईशा और भरत की लव स्टोरी टिशू पेपर से शुरू हुई थी। अपने एक पुराने इंटरव्यू में ईशा देओल ने अपनी लव स्टोरी का किस्सा सुनाया था। उन्होंने बताया था कि हम टीनेज वाले दिनों से साथ हैं।



### इंटर स्कूल कॉम्पिटिशन में हुई थी मुलाकात

ईशा ने बताया था कि वो जमनाबाई नर्सी स्कूल में पढ़ाई कर रही थीं और भरत तब बांद्रा केलर्नर एकेडमी में पढ़ते थे। उन्होंने कहा बांद्रा में ये इकलौता स्कूल था, जहां गुड लुकिंग लड़के पढ़ते थे। ईशा ने बताया कि उनकी मुलाकात इंटर स्कूल कॉम्पिटिशन के दौरान हुई थी। कॉम्पिटिशन जमनाबाई नर्सी स्कूल में ही होस्ट किया गया था। इसी दौरान दोनों की मुलाकात हुई। ईशा कहती हैं कि शायद उन्हें समझ आ गया था कि यही उनके लाइफ पार्टनर बनने वाले हैं। ईशा ने बताया कि उन्होंने अपना फोन नंबर टिशू पेपर पर लिखकर भरत को दे दिया था। उन्होंने कहा- उस समय मेरे दांतों पर ब्रेसेस लगे थे। भरत ने मुझे ब्रेसेस के साथ देखकर पसंद किया था। मैं उन्हें क्यूट लगी, इसलिए मुझे लगता है कि वो मुझसे बहुत प्यार करते हैं। उन्होंने बताया था कि उन दिनों बातचीत करना इतना आसान नहीं होता था। एक्ट्रेस ने कहा कि कॉलेज के दिनों में भी वो एक-दूसरे से कनेक्ट रहे, लेकिन जब वो फिल्मों में व्यस्त होने लगीं तो उनका कनेक्शन टूट गया था। कुछ सालों बाद भरत और ईशा का रोमांस फिर से शुरू हुआ।

### 12वीं फेल फेम विक्रांत मैसी की पत्नी शीतल ने बेटे को दिया जन्म

**मुंबई।** 12वीं फेल एक्टर विक्रांत मैसी की पत्नी शीतल ने कल यानी 7 फरवरी को बेटे को जन्म दिया। एक्टर ने ये खुशखबरी इंस्टाग्राम पर शेयर की है। विक्रांत ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- क्योंकि हम एक हो गए हैं। हम अपने बेटे के आने की अनाउंसमेंट करते हुए बहुत ज्यादा खुश हैं, शीतल और विक्रांत। विक्रांत के फैंस उनका पोस्ट देखकर उन्हें बधाई दे रहे हैं। वहीं कई सेलेब्स भी विक्रांत को पापा बनने की शुभकामनाएं दे रहे हैं। कपल के इस पोस्ट पर फैंस और बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने कमेंट कर बधाई दी है। भूमि पेडनेकर ने लिखा, बधाई हो। फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने भी कपल को बधाई दी। शोभिता धूलिपाला ने लिखा- बधाई हो। ताहिरा कश्यप, वानी कपूर, रसिका दुग्गल, सुरभि ज्योति समेत कई सेलेब्स ने कपल को पहले बच्चे की बधाई दी है।



# भारत और म्यांमार के बीच सील किया गया बॉर्डर

### लोगों की आवाजाही बंद, घुसपैठ रोकने के लिए गृह मंत्री अमित शाह का फैसला

**● नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि मंत्रालय ने भारत-म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को खत्म करने का फैसला लिया है। इससे दोनों देशों के बीच बॉर्डर के पास रहने वाले लोगों का फ्री मूवमेंट बंद हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा- भारत की आंतरिक सुरक्षा और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों की डेमोग्राफी को बरकरार रखने के लिए यह फैसला किया गया है। इससे पहले अमित शाह ने असम में 20 जनवरी को ऐलान किया था कि भारत-म्यांमार के बीच बॉर्डर की फेंसिंग की जाएगी। भारत म्यांमार के बीच 1600 किलोमीटर लंबा बॉर्डर है। 1970 में दोनों देशों के बीच फ्री मूवमेंट का एग्रीमेंट हुआ था। इसे ही फ्री मूवमेंट रिजीम यानी एफएमआर कहा जाता है। आखिरी बार इसे 2016 में रिन्यू किया गया था।

इससे दोनों देशों के लोगों को एक दूसरे के क्षेत्र में बिना किसी डॉक्यूमेंट के जाने की इजाजत मिलती है। शाह ने यह घोषणा उस वक्त की है जब म्यांमार में विद्रोही गुटों और सेना के बीच लड़ाई तेज हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नवंबर से अब तक भारत में 600 सैनिक घुस आए थे। मिजोरम सरकार ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र से मदद मांगी थी।

संक्षिप्त खबरें

## ई लूना का अनावरण



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को काइनेटिक ग्रीन के इलेक्ट्रिक वाहन ई लूना का अनावरण किया। ई-लूना के अनावरण के दौरान, काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ, सुश्री सुलज्जा फ़िरोदिया मोटवानी ने कहा, 'ई-लूना का अनावरण काइनेटिक ग्रीन के लिए एक गर्व का क्षण है। काइनेटिक ग्रुप के अध्यक्ष डा. अरुण फ़िरोदिया ने कहा, 'ई-लूना का पुनर्जन्म काइनेटिक की यात्रा में एक गहरा मील का पत्थर है। ई-लूना को 5 आकर्षक मैटेलिक रंगों में पेश किया गया है। डीलरशिप के अलावा ई लूना अमेजन और फ्लिपकार्ट पर भी उपलब्ध होगी। इस मौके पर भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, डा. हनीफ कुरैशी (आईपीएस), भी उपस्थित थे।

## एलआईसी का लाभ बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 49 प्रतिशत बढ़कर 9,444 करोड़ रुपये हो गया। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,334 करोड़ रुपये रहा था। एलआईसी कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में उसकी शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,17,017 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,11,788 करोड़ रुपये थी। एलआईसी की कुल आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 2,12,447 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,96,891 करोड़ रुपये रही थी।

## करीना बनीं ब्रांड एम्बेसडर

नई दिल्ली। मारवल चाय समूह के संस्थापक परवीन जैन ने अपने मसाला ब्रांड केपीजी के लिए अभिनेत्री करीना कपूर खान को ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। जैन राष्ट्रीय स्तर पर केपीजी ब्रांड के तहत मसालों को लाने के लिए तैयार है। करीना कपूर खान के साथ इस जुड़ाव की घोषणा करते हुए मारवल किंग लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गौरव जैन ने कहा कि करीना एक शानदार अभिनेत्री होने के साथ गुणवत्ता में विश्वास रखती है तथा वो दो बच्चों की मां भी है। एक मां के तौर पर उन्होंने बच्चों की परवरिश को लेकर माताओं के बीच ऊंचे मानक स्थापित किए हैं।(एजेंसियां)

# ब्याज दरें यथावत, कर्ज नहीं होगा महंगा

■ लगातार छठी बार रेपो दरों में नहीं हुआ बदलाव ■ महंगाई दर चार फीसद पर रखने की प्रतिबद्धता

■ नीतिगत दर या रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार

■ वर्ष 2024-25 के लिए वृद्धि दर सात फीसद रहेगी

■ चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति दर 5.4% रहेगी


■ रबी बुवाई में सुधार होने से विनिर्माण क्षेत्र लाभप्रद

■ निवेश ने पकड़ी रफ्तार निजी पूंजीगत व्यय सुधरा

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को लगातार छठी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से नीतिगत दर को यथावत रखा गया है।

रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में किसी तरह की वृद्धि की संभावना नहीं है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। एमपीसी की मंगलवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में किए गए निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, 'एमपीसी ने मौजूदा घरेलू और वैश्विक परिस्थितियों पर गौर करने के बाद रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखने का फैसला किया है।'



एमपीसी के छह में से पांच सदस्यों डा. शशांक भिड़े, डा. आशिमा गोयल, डा. राजीव रंजन, डा. माइकल देबब्रत पात्रा और शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर को बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया जबकि प्रो. जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी लाने की बात कही। इसके साथ एमपीसी सदस्यों ने लक्ष्य के अनुरूप खुदरा महंगाई को लाने के लिए उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय को भी कायम रखने का फैसला किया है।

दास ने कहा, 'वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। एक तरफ आर्थिक वृद्धि बढ़ रही है, वहीं महंगाई कम हो रही है। हमारी बुनियाद सुदृढ है।' रबी की बुवाई में सुधार, विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर लाभ की स्थिति और सेवा क्षेत्र में मजबूती से 2024-25 में आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलने की उम्मीद है।'

आरबीआई गवर्नर के अनुसार जीडीपी वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसमें जोखिम दोनों तरफ बराबर है। हालांकि, यह अनुमान मार्च, 2024 में समाप्त में हो रहे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान में जताए गए 7.3 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना से कम है। मुद्रास्फीति के बारे में उन्होंने कहा कि महंगाई की स्थिति खाद्य मुद्रास्फीति के उभरते परिदृश्य से तय होगी।' उन्होंने कहा, 'प्रतिकूल मौसम की संभावना से खाद्य मूल्य परिदृश्य पर अनिश्चितता बनी हुई है। आपूर्ति व्यवस्था के स्तर पर उपाय खाद्य कीमतों के दबाव को नियंत्रण में रख सकते हैं।' दास ने कहा, 'विभिन्न परिस्थितियों पर गौर करने के बाद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2023-24 में 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान बरकरार रखा है, जबकि चौथी तिमाही में यह पांच प्रतिशत रहेगी।' अगले वर्ष मानसून सामान्य रहने के आधार पर खुदरा मुद्रास्फीति 2024-25 में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

विकासात्मक और नियामकीय नीतियों के तहत आरबीआई ने इलेक्ट्रानिक कारोबारी मंच (ईटीपी) के लिए नियामकीय ढांचे की समीक्षा और आईएफएससी में 'ओवर द काउंटर' (ओटीसी) क्षेत्र में सोने की कीमत को लेकर 'हेजिंग' की अनुमति देने का भी फैसला किया है। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा के अन्य क्षेत्रों में आफलाइन उपयोग की अनुमति देने का निर्णय किया है।

वर्तमान में पायलट आधार पर कुछ बैंकों द्वारा प्रदान किए गए डिजिटल रुपया वालेट का उपयोग करके व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) और व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) के बीच लेनदेन की व्यवस्था है। इसके अलावा, बैंकों और एनबीएफसी के लिए सभी खुदरा और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों) को दिये जाने वाले कर्ज के लिए उधारकर्ताओं को ब्याज और अन्य शर्तों समेत 'मुख्य तथ्य विवरण' (केएफएस) प्रदान करना अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया है। इससे कर्ज लेने वाला सोच-विचार कर निर्णय ले सकेगा। मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक तीन से पांच अप्रैल, 2024 को होगी।

### मौद्रिक नीति की मुख्य बातें

- ■ वृद्धि की मौजूदा रफ्तार अगले वित्त वर्ष में भी बनी रहेगी
- ■ खाद्य कीमतों में अनिश्चितता का असर मुख्य मुद्रास्फीति पर
- ■ भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से सप्लाई चेन पर हो रहा असर
- ■ विदेशी दायित्वों को पूरा करने के लिए संतोषजनक स्तर पर है
- ■ घरेलू वित्तीय प्रणाली स्वस्थ 'बही-खाते' के साथ मजबूत
- ■ 'सीबीडीसी-रिटेल' में एक ऑफलाइन कार्यक्षमता शुरू होगी
- ■ एमपीसी की अगली बैठक तीन से पांच अप्रैल तक होगी

## कर्ज लेने वाले खुदरा ग्राहकों को 'मुख्य तथ्य विवरण' दें बैंक : दास

मुंबई (भाषा)।

आरबीआई ने बैंकों के लिए सभी खुदरा तथा एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों) को दिए जाने वाले कर्ज के लिए उधारकर्ताओं को ब्याज और अन्य शर्तों समेत 'मुख्य तथ्य विवरण' (केएफएस) प्रदान करना अनिवार्य करने का बृहस्पतिवार को निर्णय लिया। वर्तमान में केएफएस वाणिज्यिक बैंकों द्वारा व्यक्तिगत उधारकर्ताओं को दिए जाने वाले ऋण, आरबीआई-विनियमित संस्थाओं (आरई) द्वारा डिजिटल ऋण तथा सूक्ष्म वित्त ऋण के संबंध में अनिवार्य है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि केंद्रीय बैंक ने हाल ही में ग्राहकों पर लगाए गए ऋण तथा अन्य शुल्कों के मूल्य निर्धारण में आरई द्वारा अधिक पारदर्शिता और खुलासे को बढ़ावा देने के लिए कई उपायों की घोषणा की है। ऐसा ही एक उपाय यह है कि ऋणदाताओं को अपने उधारकर्ताओं को एक सरल तथा समझने में आसान प्रारूप में ऋण समझौते के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी वाला एक केएफएस प्रदान करना होगा। गवर्नर ने कहा, 'सभी आरई के लिए सभी खुदरा तथा एमएसएमई ऋणों के लिए उधारकर्ताओं को केएफएस प्रदान करना अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया है।'

## आधार आधारित भुगतान प्रणाली सुरक्षित बनेगी

मुंबई (वार्ता)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के जरिये लेनदेन के दौरान ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए एईपीएस की सुरक्षा बढ़ाने का निर्णय लिया है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) संचालित एईपीएस के ग्राहकों को डिजिटल भुगतान लेनदेन करने में सक्षम बनाती है। वर्ष 2023 में 37 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने एईपीएस के माध्यम से लेनदेन किया। यह ि ा त्ती य समावेशन में एईपीएस द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की ओर इशारा करता है।




दास ने बताया कि एईपीएस लेनदेन की सुरक्षा बढ़ाने के लिए, बैंकों द्वारा पालन की जाने वाली एईपीएस टचपॉइंट ऑपरेटरों के लिए अनिवार्य आनबोर्डिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने का प्रस्ताव है। इसके तहत अतिरिक्त धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन आवश्यकताओं पर भी विचार किया जाएगा। इस संबंध में शीघ ही निर्देश जारी किए जाएंगे। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान की सुरक्षा विशेष रूप से प्रमाणीकरण के अतिरिक्त कारक (एएफए) की आवश्यकता को प्राथमिकता दी है।

हालांकि आरबीआई ने कोई विशेष एएफए निर्धारित नहीं किया है लेकिन भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र ने बड़े पैमाने पर एसएमएस-आधारित वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) को अपनाया है।

दास ने कहा कि प्रौद्योगिकी में नवाचारों के साथ हाल के वर्षों में ा ै क ल्िप क प्रमाणीकरण तंा उभरे हैं। डिजिटल सुरक्षा के लिए ऐसे तंत्रों के उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक सिद्धांत-आधारित 'डिजिटल भुगतान लेनदेन के प्रमाणीकरण के लिए रूपरेखा' अपनाने का प्रस्ताव है। इस संबंध में निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।

## उपभोक्ता मांग, निजी निवेश में सुधार से अगले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7% रहेगी

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का अनुमान है कि परिवारों का उपभोग बढने और निजी निवेश में सुधार से अगले वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहेगी।

हालांकि, यह एनएसओ के चालू वित्त वर्ष (2023-24) के 7.3 प्रतिशत के अनुमान से कम है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि ग्रामीण मांग में तेजी जारी है, शहरी खपत मजबूत बनी हुई है और पूंजीगत व्यय में वृद्धि के कारण निवेश चक्र रफ्तार पकड़ रहा है। निजी निवेश में भी सुधार के संकेत दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि रबी बुवाई में सुधार, विनिर्माण क्षेत्र के लाभ में सतत वृद्धि और सेवा क्षेत्र में अंतर्निहित मजबूती से 2024-25 में आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलेगा।

## नियमों का पालन न करने पर हुई है पेटीएम के खिलाफ कार्रवाई : दास

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि पेटीएम ने बार-बार कहे जाने के बावजूद नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया और इसके कारण वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। आरबीआई ने यह भी साफ किया कि व्यवस्था के स्तर पर चिंता वाली कोई बात नहीं है।

Paytm

केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह साफ किया कि नियमों के अनुपालन में पेटीएम की कमी व्यवस्था को लेकर कोई जोखिम पैदा नहीं करती है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि कौन से मामलों को लेकर वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। दास ने मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद यहां केंद्रीय बैंक मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'इस समय प्रणाली के बारे में कोई चिंता नहीं है। यहां हम एक विशिष्ट संस्थान, एक विशिष्ट भुगतान बैंक के बारे में बात कर रहे हैं।' डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ 31 जनवरी की कार्रवाई लगातार नियमों का अनुपालन नहीं करने के कारण की गई है।

दास ने कहा, 'आरबीआई द्विपक्षीय आधार पर संस्थाओं के साथ काम करता है। उन्हें पर्याप्त समय देकर नियमों के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित करता है। निगरानी स्तर पर कार्रवाई तभी की जाती है, जब संबंधित इकाई द्वारा जरूरी कदम नहीं उठाए जाते हैं।' दास ने कहा कि लोगों के मन में बहुत सारे सवाल और चिंताएं हैं। इसको देखते हुए रिजर्व बैंक अगले सप्ताह एक विस्तृत एफएक्यू लेकर आएगा, जिससे चीजें स्पष्ट हो जाएंगी।

### पेटीएम का शेयर 10% गिरा

नई दिल्ली (भाषा)।

पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का शेयर दो दिन चढ़ने के बाद बृहस्पतिवार को 10 प्रतिशत गिर गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर अच्छी शुरुआत के बावजूद 9.99 प्रतिशत गिरकर 446.65 रुपये पर बंद हुआ, जो इसका निचला सर्किट स्तर है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 3,153.18 करोड़ रुपये घटकर 28,394.44 करोड़ रुपये रह गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 9.99 प्रतिशत टूटकर 496.25 रुपये पर आ गया। कारोबार की मात्रा के संदर्भ में, दिन के दौरान बीएसई पर कंपनी के 22.79 लाख शेयरों और एनएसई पर 2.12 करोड़ से अधिक शेयरों का कारोबार हुआ।

## वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

मुंबई (भाषा)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अगले वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो चालू वित्त वर्ष 2023-24 के 5.4 प्रतिशत के अनुमान की तुलना में कम है।

केंद्र सरकार ने आरबीआई को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रहे। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने पाया कि घरेलू आर्थिक गतिविधियां अच्छी है। निवेश की मांग में तेजी, आशावादी व्यापारिक भावनाओं तथा बढ़ते उपभोक्ता विश्वास से इसको समर्थन मिलेगा। मौद्रिक नीति समिति नीतिगत दर निर्धारित करती है।

उन्होंने कहा, 'मुद्रास्फीति के मोर्चे पर बड़े तथा बार-बार आने वाले खाद्य मूल्यों के झटके महंगाई में कमी की गति को बाधित कर रहे हैं जो मुख्य मुद्रास्फीति को प्रभावित कर रहा है।' दास ने कहा कि एमपीसी गैर-खाद्य कीमतों पर खाद्य मूल्य दबाव के सामान्यीकरण के किसी भी संकेत की सावधानीपूर्वक निगरानी करेगी, जो मुख्य मुद्रास्फीति में कमी के लाभ को बेकार कर सकता है। उन्होंने कहा, 'अगले साल मानसून के सामान्य रहने पर 2024-25 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके पहली तिमाही में पांच प्रतिशत, दूसरी तिमाही में चार प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## उद्योगों और विशेषज्ञों ने कहा, टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करेगा रेपो दर स्थिर रखने का फैसला

नई दिल्ली (भाषा)।

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के निर्णय को व्यावहारिक बताते हुए कहा कि यह फैसला टिकाऊ आर्थिक वृद्धि को सुनिश्चित करेगा।

उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने मौद्रिक नीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत तक लाने की दिशा में लगातार प्रयास को वैश्विक और घरेलू चुनौतियों के समग्र संदर्भ में देखा जाना चाहिए। एसोचैम ने टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के इस फैसले को व्यावहारिक बताया। कोटक आल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (निवेश एवं रणनीति) लक्ष्मी अय्यर ने कहा कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई बड़ी चिंता न जताना राहत देने वाली बात है लेकिन खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव पर नजरें रहेंगी।

सीआईआई की दिल्ली इकाई के चेयरमैन पुनीत कौरा ने कहा कि रिजर्व बैंक के कदम से रियल एस्टेट और वाहन जैसे उद्योगों के अलावा विनिर्माण और एमएसएमई क्षेत्र को भी मदद मिलेगी। पीडब्ल्यूसी इंडिया में साझेदार और आर्थिक परामर्श प्रमुख रानेन बनर्जी ने कहा कि नीतिगत दर को स्थिर रखने के फैसले की उम्मीद थी लेकिन रुख को भी वापस लेने पर कायम रहना थोड़ा आश्चर्यजनक है।

बंधन बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री और शोध प्रमुख सिद्धार्थ सान्याल के मुताबिक, तरलता की सख्ती को लेकर व्याप्त चिंताओं के बीच आरबीआई का कदम उचित है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के कार्यकारी निदेशक उत्तम टिबरेवाल ने कहा कि आरबीआई की नीति उम्मीद के अनुरूप ही है और मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत की लक्षित सीमा तक लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सीबीआरई इंडिया (दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) के चेयरमैन और सीईओ अंशुमान मैगजीन ने कहा कि रेपो दर में बदलाव नहीं होने से ब्याज दरों पर न्यूनतम प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि ब्याज दरों में स्थिरता से संभावित घर खरीदारों और रियल एस्टेट कंपनियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष निकाय 'राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद' (नारेडको) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी. हरि बाबू ने कहा, 'यह देश के आर्थिक बुनियाद और आर्थिक वृद्धि को लेकर भरोसे को दर्शाता है। अपरिवर्तित नीतिगत दर रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग को बढ़ाएगा। क्रेडाई-एनसीआर के अध्यक्ष एवं रियल एस्टेट कंपनी गौड़ ग्रुप के चेयरमैन मनोज गौड़ ने कहा, 'यह आवासीय खंड में पिछले वर्ष की गति को बनाए रखेगा।' नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, 'नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला उद्योग के लिए एक अच्छा संकेत है।

लोहिया डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (इंडिया) के निदेशक पीयूष लोहिया ने कहा, 'नीतिगत दरों पर यथास्थिति को बनाए रखना आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण पेश करता है। काउंटी समूह के निदेशक अमित मोदी ने कहा, 'आरबीआई का कदम निश्चित रूप से रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए फायदेमंद है।' सिग्नेचर ग्लोबल के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा, 'नीतिगत दर में कटौती होती तो बेहतर होता। क्रिशुमी कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा, 'किफायती, मध्यम और लक्जरी मकानों समेत सभी श्रेणियों में बिक्री में तेजी बनी रहेगी।

अंसल हाउसिंग के निदेशक कुशाग्र अंसल ने कहा, 'यह कदम रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए लाभदायक है। रहेजा डेवलपर्स के नयन रहेजा ने कहा, ''आरबीआई के इस कदम से स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। मिगसन ग्रुप के निदेशक यश मिगलानी ने कहा, 'यह खरीदारों के साथ-साथ निवेशकों के लिए भी काफी राहत भरी खबर है।'

## ई-रुपये का 'ऑफलाइन' लेनदेन शुरू किया जाएगा

*मुंबई (भाषा)। आरबीआई ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) पायलट परियोजना में 'ऑफलाइन' लेनदेन शुरुआत करने घोषणा की। इसका मतलब है कि डिजिटल रुपये के उपयोगकर्ता सीमित इंटरनेट वाले क्षेत्रों में लेनदेन कर सकेंगे।*

*भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि प्रायोगिक परियोजना के तहत इसमें कार्यक्रम आधारित अतिरिक्त उपयोग को शामिल किया जाएगा। आरबीआई ने दिसंबर, 2022 में खुदरा सीबीडीसी की प्रायोगिक शुरुआत की थी। इसने दिसंबर, 2023 में एक दिन में 10 लाख लेनदेन का लक्ष्य हासिल कर लिया था।*

*दास ने कहा, ''खराब या सीमित इंटरनेट संपर्क वाले क्षेत्रों में लेनदेन को सक्षम करने के लिए सीबीडीसी-खुदरा (रिटेल) में एक ऑफलाइन सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव है।' उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए पहाड़ी क्षेत्रों, ग्रामीण और शहरी स्थानों पर कई 'ऑफलाइन' समाधानों का परीक्षण किया जाएगा। दास ने कहा कि अभी इसके तहत बैंकों द्वारा प्रदान किए गए डिजिटल रुपये वॉलेट का उपयोग करके व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) और व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) लेनदेन को सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा कि अब इसे कार्यक्रम आधारित ऑफलाइन रूप से सक्षम करने का काम किया जाएगा।*

## लाल सागर संकट : निर्यातकों के प्रति संवेदनशील रहें बैंक

नई दिल्ली (भाषा)।

लाल सागर संकट के कारण समस्याओं का सामना कर रहे निर्यातकों के वित्त और बीमा संबंधी मामलों को संवेदनशीलता के साथ निपटाने की जरूरत है।

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों से यह अपील की है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, 'लाल सागर संकट के मद्देनजर, हमने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों से इस समस्या पर विचार करने को कहा है, क्योंकि जहाज लंबा रास्ता अपना रहे हैं, जिसके चलते व्यापार वित्त की मांग बढ रही है और बीमा लागत में वृद्धि हो रही है।'

उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में बैंकों को इन मामलों को संवेदनशीलता के साथ निपटाना चाहिए और उन्हें अपनी सेवाओं से वंचित नहीं करना चाहिए। जोशी ने कहा कि व्यापार वित्तपोषण और बीमा की जरूरत को संवेदनशीलता के साथ निपटाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में स्थिति का जायजा लेने के लिए वाणिज्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठक बृहस्पतिवार को हो रही है। लाल सागर जलडमरूमध्य वैश्विक कंटेनर यातायात के 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 12 प्रतिशत हिस्से के लिए महत्वपूर्ण है। यूरोप के साथ भारत का लगभग 80 प्रतिशत व्यापार इसी रास्ते से होकर गुजरता है।



जोशी ने बैंकों से व्यापार में आने वाली समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए वाणिज्य विभाग और निर्यात संवर्धन परिषदों के साथ मिलकर काम करने का अनुरोध भी किया।

## सेंसेक्स 723 अंक टूटा

मुंबई (भाषा)। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 723 अंक से अधिक लुढ़क गया। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से बैंक और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में बढत में रहा था लेकिन बाद में यह 723.57 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,428.43 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद बाजार नुकसान में आया और एक समय यह 921.38 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 212.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,717.95 अंक पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार छठी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया गया है, पर आरबीआई मुद्रास्फीति और बैंक नकदी को लेकर सतर्क बना हुआ है। रेपो दर में मई, 2022 से छह बार में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ अभी पूरी तरह नहीं मिला है।

**अंडर-19 विश्वकप : 11 फरवरी को भारत से होगा खिताबी मुकाबला**

# पाकिस्तान को हराकर छह साल बाद फाइनल में ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली ।** अंडर-19 विश्व कप का फाइनल मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बेनोनी दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। यह खिताबी मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को एक विकेट से हरा दिया। वह कुल छठी बार खिताबी मुकाबले में पहुंचा है। अब तक ऑस्ट्रेलिया को तीन बार खिताब जीतने में सफलता हासिल हुई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरी बार फाइनल मैच होगा। इससे पहले 2012 और 2018 में भारत उसे हरा चुका है। भारत के खाते में कुल पांच खिताब हैं। इससे पहले मैच में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। उसने पाकिस्तान को 48.5 ओवर में 179 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान के लिए अजान आवेश और आराफात मिन्हास ने 52-52 रन बनाए। इन दोनों के अलावा सिर्फ ओपनर शाम्याल हुसैन ही दहाई का आंकड़ा छू सके। वह 17 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के लिए टॉम स्टार्कर ने छह विकेट लिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 49.1 ओवर में नौ विकेट पर 181 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो उसके लिए ओपनर हैरी डिक्सॉन ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। ओलिवर पीके दुर्भाग्यशाली रहे। वह अर्धशतक नहीं लगा पाए। ओलिवर 49 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों के अलावा टॉम कैम्पबेल ने 25 रन बनाए। अली राजा ने 10 ओवर में 34 रन देकर सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। अराफात मिन्हास को दो सफलता मिली। नवीद अहमद खान और उबैद शाह ने भी एक-एक विकेट लिया।




### आखिरी ओवर में मिली रोमांचक जीत

180 रनों का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की ठीक नहीं रही और उसने 33 के स्कोर पर अपना पहला विकेट सैम कोन्स्टास 14 का विकेट 11वें ओवर में गवां दिया। इसके बाद कप्तान वेइबगेन चार रन, हरजस सिंह पांच रन, रयान हिक्स शून्य रन भी जल्द आउट होकर पवेलियन लौट गये। सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन और ओलिवर पीक ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला। हैरी 75 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुये। ओलिवर ने 75 गेंदों में 49 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया के सात विकेट एक समय 155 रन पर गिर गए थे। ओलिवर पीके के आउट होने के बाद ऐसा लगा कि कंगारू टीम मैच हार जाएगी। यहां से निचले क्रम के बल्लेबाजों ने दिलेरी दिखाई। उन्होंने पाकिस्तान की गेंदबाजी का मजबूती से सामना किया। टॉम स्टार्कर ने रैफ मैकमिलन के साथ स्कोर को 164 रन तक पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शमील हुसैन कै. पीक बो. स्ट्राकर | 17 | 23 | 3/0 |
| शाहजेब खान कै. वेइबगेन बो. विडलर | 04 | 30 | 0/0 |
| अजान अवैस कै. हिक्स बो. स्ट्राकर | 52 | 91 | 3/0 |
| साद बेग कै. डिक्सन बो. स्ट्राकर | 03 | 11 | 0/0 |
| अहमद हसन पगबाधा मैक्मिलन | 04 | 18 | 0/0 |
| हारून अरशद बोल्ड बियर्डमैन | 08 | 27 | 0/0 |
| अराफात मिन्हास कै. पीक बो. कैंपबेल | 52 | 61 | 9/0 |
| नवीद अहमद खान नाबाद | 09 | 21 | 0/0 |
| उबैद शाह कै. डिक्सन बो. स्ट्राकर | 06 | 05 | 1/0 |
| मोहम्मद जीशान बोल्ड स्ट्राकर | 04 | 06 | 1/0 |
| अली रजा बोल्ड स्ट्राकर | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 20, **कुल:** 48.5 ओवर में 179 रन पर ऑल आउट, **विकेट पतन:** 1-25, 2-27, 3-43, 4-53 , 5-79 , 6-133, 7-164, 8-173, 9-179, 10-179, **गेंदबाजी:** महली बियर्डमैन 10-0-38-1, कैलम विडलर 9-0-43-1, टॉम स्ट्राकर 9.5-1-24-6, राफ मैकमिलन 10-1-29-1, हरजस सिंह 4-0-16-0, टॉम कैंपबेल 6-0-23-1,

| आस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| हैरी डिक्सन बो. अराफात मिन्हास | 50 | 75 | 5/0 |
| सैम कोन्स्टास बो. अली रजा | 14 | 31 | 2/0 |
| यू वेइबगेन कै. हारुन बो. नावीद | 04 | 12 | 0/0 |
| हरजस सिंह रन आउट (अराफात /बेग) | 05 | 06 | 0/0 |
| रयान हिक्स बो. उबैद शाह | 00 | 01 | 0/0 |
| ओलिवर पीक स्टंप बेग बो. अली रजा | 49 | 75 | 3/0 |
| टॉम कैंपबेल बो. अराफात मिन्हास | 25 | 52 | 2/0 |
| राफ मैकमिलन नाबाद | 19 | 29 | 2/0 |
| टॉम स्ट्राकर स्टंप बेग बो. अली रजा | 03 | 14 | 0/0 |
| कैलम विडलर नाबाद | 02 | 09 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 10, **कुल:** 49.1 ओवर में नौ वकेट पर 181 रन, **विकेट पतन:** 1-33, 2-43, 3-54, 4-59, 5-102 , 6-146, 7-155, 8-164, 9-164, **गेंदबाजी:** उबैद शाह 10-0-44-1, मोहम्मद जीशान 6.1-0-40-0, नावीद अहमद खान 10-0-25-1, अली रजा 10-2-34-4, अहमद हसन 2-0-8-0, हारून अरशद 1-0-7-0, अराफात मिन्हास 10-1-20-2,

### पाक की खराब शुरुआत

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान वेइबगेन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज शमील हुसैन तथा शाहजेब खान के विकेट 27 रन के स्कोर पर गंवा दिये थे। पाकिस्तान की टीम के नौ खिलाड़ी 10 रन का स्कोर भी नहीं कर सके। शमील हुसैन 17 रन और शाहजेब खान चार रन, कप्तान साद बेगसाद तीन रन, अहमद हसन चार रन और हारून अरशद आठ रन, उबैद शाह छह रन, मोहम्मद जीशान चार रन, अली रजा शून्य पर आउट हुये। नवीद अहमद खान नौ रन बनाकर नाबाद रहे।

## टी20 विश्वकप चयन में आईपीएल का प्रदर्शन अहम : मूडी

**चेन्नई ।** अनुभवी कोच टॉम मूडी ने गुरूवार को कहा कि खिलाड़ियों का आईपीएल और आईएलटी20 जैसी प्रतिस्पर्धी लीग में प्रदर्शन इस बार काफी मायने रखेगा क्योंकि इसका टी20 विश्व कप से पहले टीम चयन पर असर पड़ेगा। आईसीसी का इस चरण का टी20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। मूडी ने कहा, मार्च और मई के बीच खेली जाने वाली इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल के साथ अन्य टी20 लीग जैसे आईएलटी20 किसी भी खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कोई भी घरेलू टीम इन टूर्नामेंट में इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखेगी क्योंकि इन लीग में काफी बेहतरीन क्रिकेट खेला जाता है। उन्होंने कहा, अगर आप रन जुटा रहे हैं, विकेट झटक रहे हैं और निरंतरता दिखा रहे हैं तो इससे आप अच्छी स्थिति में पहुंच जाते हैं क्योंकि इससे चयन के लिए कठिन फैसले लेने में मदद मिलती है। मूडी ने कहा, इससे आपको इस तरह का आत्मविश्वास मिलता है जो टी20 विश्व कप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए अहम है।

## दासुन शनाका वनडे सीरीज से बाहर

### फर्नांडो-वांडरसे टीम में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के खिलाफ तीन घरेलू वनडे मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका के पूर्व कप्तान दासुन शनाका को 16 सदस्यीय टीम में जगह नहीं दी गई है। सीरीज का पहला मुकाबला 9 फरवरी को पेल्लेकेले में खेला जाएगा। शनाका को इससे पहले जिम्मबाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में टीम में जगह नहीं मिल पाई थी। शनाका के अलावा अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में मीडिल ऑर्डर बैटर नुवानिदु फर्नांडो और लेग स्पिनर जेफरी वांडरसे को भी टीम में शामिल नहीं किया गया है। वहीं ऑलराउंडर चमिका करुणारत्ने और सलामी बल्लेबाज शेवोन डेनियल को टीम में शामिल किया गया है। वर्ल्ड कप के बाद दासुन शनाका को टीम की कप्तानी से हटा दिया गया था। जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के लिए शनाका की जगह कुसल मेंडिस को टीम का कप्तान बनाया गया था। उन्हें तीन वनडे सीरीज के लिए टीम में जगह दी गई थी, लेकिन पहले दो मुकाबलों में 8 और 7 के स्कोर के बाद उन्हें तीसरे वनडे से बाहर कर दिया गया था। शनाका श्रीलंका के लिए 71 वनडे, 6 टेस्ट और 91 टी20 खेल चुके है। उन्होंने 41 वनडे में और 48 टी20 में टीम की कप्तानी की है। उनकी कप्तानी में टीम ने 2022 में टी20 एशिया कप की ट्रॉफी भी जीती थी।



## शहर की ताबिया खान ने बैडमिंटन में लहराया परचम

**भोपाल ।** विश्व रैंकिंग में शामिल बैडमिंटन खिलाड़ी राजधानी की ताबिया खान ने बेहतर प्रदर्शन कर विशेष उपलब्धि हासिल की है। वह मिक्स्ड डबल्स में फिलहाल जूनियर विश्व रैंकिंग में नंबर 2 पर हैं, जबकि विमेंस डब्ल्स में भी विश्व रैंकिंग में टॉप 10 में शामिल हो गई हैं। उन्होंने मिक्स्ड डबल्स और विमेन्स डबल्स में यूएइ के नंबर 1 का खिताब भी हासिल किया है। विश्वास और परिश्रम के साथ ताबिया ने महज 17 साल की उम्र में यह उपलब्धियां हासिल की है। उल्लेखनीय कि इनके परिवार में क्रिकेट के प्रति दीवानगी रही है,लेकिन ताबिया ने अपने पारंपरिक स्पोर्ट से हटकर बैडमिंटन को चुना। इनके पिता नेशनल लेवल क्रिकेट प्लेयर रह चुके हैं,जबकि दादी भी बैडमिंटन खिलाड़ी रह चुकी हैं।

## पेरिस ओलंपिक पदक में होगा एफिल टावर का टुकड़ा

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक के आयोजकों ने पहली बार पदकों का अनावरण किया। खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ी प्रतिष्ठित एफिल टावर का एक टुकड़ा घर ले जाएंगे। पेरिस ओलंपिक आयोजकों ने पदक का एक वीडियो शेयर किया है। पदक का एक हिस्सा एफिल टावर के टुकड़ों से बना है। ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक जबकि पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होंगे। साल के सबसे बड़े खेल आयोजन के लिए कुल 5084 पदक बनाए गए हैं। पदक में 18 ग्राम षट्भुज हेक्सागॉन टोकन है। ये अतीत में स्मारक के नवीनीकरण के दौरान एफिल टावर से निकाले गए लोहे से बने हैं। इन पदकों को चौमेट ज्वेलर ने डिजाइन किया है। मार्टिन फोरकेड की अध्यक्षता में पेरिस 2024 एथलीट आयोग ने ओलंपिक खेलों के लिए पदकों पर विचार करने के लिए एक टीम का नेतृत्व किया। एक बयान में कहा गया, फ्रांस और पेरिस के प्रतिष्ठित स्मारक, एफिल टॉवर को खेलों की सबसे प्रतिष्ठित वस्तुए पदक के साथ जोड़ना हमारे लिए एक स्पष्ट विकल्प था।



## एमसीसीए सीनियर्स छह विकेट से विजयी

**भोपाल।** बीडीसीए द्वारा आयोजित स्वर्गीय हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता 90 ओवर्स में डीपीएस ग्राउंड पर खेले जा रहे मैच में एमसीसीए सीनियर्स ने छह विकेट से जीत दर्ज की है। रेलवे युथ क्रिकेट अकादमी के 328 रन के जवाब में एमसीसीए सीनियर्स ने 9 ओवर में एक विकेट खोकर 35 रन के आगे खेलते हुए चार विकेट खोकर विजयी लक्ष्य प्राप्त कर लिया। बल्लेबाज यमन 4 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए, लेकिन इसके बाद ओजस्व यादव 132, अरबाज 64 नाबाद, प्रारब्ध 55 और प्रियांशु 54 नाबाद ने शानदार पारी खेलते हुए 68.2 ओवर मे 332 रन बनाकर यह मैच छह विकेट से जीत लिया। ओजस्व यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मैच फेथ क्रिकेट ग्राउंड पर अंकुर क्रिकेट अकादमी और एस क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेल गया जिसमे दूसरे दिन अंकुर क्रिकेट अकादमी के 374 रन के जवाब में एस क्रिकेट अकादमी की टीम 34 ओवर में 114 रन बनाकर ऑलआउट हो गई जिसमे आदित्य मिश्रा ने 53 रन की पारी खेली। मल्हार त्रिपाठी ने 3 विकेट लिए जबकि तनमय और हिमांश ने दो-दो विकेट लिए। कनिष्क दुबे को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं कॉर्पोरेट ग्रुप में हमीदिया स्पोर्ट्स और स्पारटंस के मध्य मैच खेला गया जिसमे हमीदिया स्पोर्ट्स ने 20 ओवर मे 3 विकेट खोकर 230 रन बनाए जिसमे साबिर ने 129, ओसामा ने 58 रनों का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी स्पारटंस की टीम 15.3 ओवर मे 100 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। हमीदिया की तरफ से ओसाफ, जामरान और मुश्ताक ने दो-दो विकेट लिए। साबिर को मेन ऑफ द मैच चुना गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ क्रिकेटर केडी गुप्ता, सनी भटनागर और जामरान जावेद और राकेश सिंह बिष्ट ने प्रदान किए।



## देशभर के 1200 खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा का जौहर

**भोपाल।** भारतीय क्याकिंग एवं केनोइंग संघ व मध्य प्रदेश कयाकिंग एवं केनोइंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में 9 से 12 फरवरी तक छोटा तालाब में 34वीं जूनियर, सब जूनियर केनो स्प्रिंट बालक, बालिका व 12वीं ड्रेगन बोट रेस महिला-पुरुष कयाकिंग एवं केनोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 24 राज्य व इकाईयो के 1200 खिलाड़ी व 40 तकनीकि अधिकारी प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। 12वीं ड्रेगन बोट रेस में 13 टीमें 750 खिलाड़ी व 34वीं जूनियर, सब जूनियर केनो स्प्रिंट 23 टीमें 450 खिलाड़ी व 40 तकनीकि अधिकारी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। ड्रेगन बोट रेस प्रतियोगिता में 200, 500, 2000 मीटर की महिला, पुरुष, सीनियर, जूनियर की स्पर्धायें कराई जाएंगी। केनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में 200, 500 मीटर क्याक-1, क्याक-2, क्याक-4, केनो-1 केनो-2, केनो-4, बालक/बालिका वर्ग की रेस कराई जाएगी। भारतीय क्याकिंग एवं केनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाह व पीएस बुन्देला अध्यक्ष मप्र कयाकिंग केनोइंग संघ ने बताया कि इस प्रयितोगिता में अंतराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वास सारंग मंत्री खेल और युवा कल्याण विभाग मप्र शासन के मुख्य अतिथि तथा श्रीमती मालती राय महापौर की विशेष आतिथ्य में होगा। चेस मैनेजर मीटिंग भी आयोजित की गई जिसें विभिन्न राज्यों से आये कोच मैनेजर तथा सभी तकनीकी अधिकारियों ने प्रतियोगिता संबंधी चर्चा की। जैसा कि विदित है कि मध्य प्रदेश क्याकिंग केनोइंग संघ भोपाल में लगातार कई वर्षो से क्याकिंग एवं केनोइंग के इवेंटस की राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगितायें आयोजित कराई जा चुकी है। प्रतियोगिता संबंधी सभी तैयारियों का जायजा भारतीय क्याकिंग एवं केनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाह व पीएस बुन्देला अध्यक्ष मप्र कयाकिंग केनोइंग संघ मयंक ठाकुर आयोजन सचिव, विलकिस मीर जम्मू एण्ड कश्मीर, अखिलेश मालवीय, संतोष सिंह राजपूत जमील अहमद तथा प्रशिक्षकों व तकनीकी अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया।



## डेरिल मिशेल दूसरे टेस्ट और टी-20 श्रृंखला से बाहर

### चोट की समस्या से जूझ रहे मिशेल

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिशेल को पैर की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाले दूसरे टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। मिशेल पिछले छह सात महीने से चोट की समस्या से जूझ रहे है।

उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 53.46 की औसत से रन बनाये है। चोट के कारण उन्हें जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम टी-20 मैच से आराम दिया गया था। लेकिन अब टीम के चयनकर्ताओं ने मिशेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ देने और पूरी तरह फीट होने के लिए लंबे समय तक टीम से बाहर रखने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, हमने पहले उन्हें थोड़ा आराम देने का फैसला लिया, लेकिन इस पर चिकित्सकीय सलाह लेने के बाद यह संभावना है कि उन्हें लंबे समय तक आराम की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह वास्तव में कठिन है, क्योंकि अगले सप्ताह में बहुत अधिक ब्रेक नहीं आने वाले हैं,




जबकि ऐसा सोचा गया था कि इससे हमें प्रयास करने और उसे फिर से सर्वोत्तम का मौका देने के लिए करीब तीन सप्ताह का समय मिलता है।

### विल यंग हो सकते हैं विकल्प

स्टीड ने कहा, विल यंग निश्चित रूप से विकल्पों में से एक है। उन्होंने कहा, विल बैक अप के रूप में है और ग्लेन फिलिप्स ने दिखाया है कि वह उपयोगी से अधिक है और इसे अलग तरीके से आकार दिया जा सकता है। हमारे पास जो टीम है उससे हम बहुत खुश हैं। डेरिल की स्पष्ट रूप से एक बड़ी क्षति है, हालांकि, उन्होंने कई उत्कृष्ट प्रदर्शनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है बल्लेबाजी प्रदर्शन लेकिन यह उनके और हमारे लिए महत्वपूर्ण है कि हम इसे लंबे समय तक सही रखें।

## कोरोना पॉजिटिव मार्श करेंगे मैच में कप्तानी

**सिडनी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टी20 मैचों की घरेलू सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श कोरोना संक्रमित हो गए हैं। इसकी पुष्टि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि मार्श सीरीज में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें मैच के दौरान अलग ड्रेसिंग रूम में रखा जाएगा। इसके साथ ही वह ग्राउंड में खिलाड़ियों से दूरी बनाकर रखेंगे। ऑलराउडंर कैमरन ग्रीन भी पिछले दिनों कोरोना पॉजिटिव हो गए थे। उन्होंने संक्रमित होने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा लिया था। टेस्ट और वनडे सीरीज के बाद तीन टी20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 9 फरवरी को होबर्ट में खेला जाएगा। वहीं 11 फरवरी को एडिलेड में दूसरा और 13 फरवरी को पर्थ में तीसरा मैच खेला जाएगा। इससे पहले 2 टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही था, जबकि तीन वनडे मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप किया।

## भारतीय टीम एशियन भारोत्तोलन से लौटी खाली हाथ

**ताशकंद।** भारतीय भारोत्तोलर ज्ञानेश्वरी यादव, दितिमोनी सोनोवाल और वल्लुरी अजय बाबू का दल एशियन भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2024 से खाली हाथ लौटा। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित चैंपियनशिप में बुधवार को वल्लुरी अजय बाबू पुरुषों के 81 किग्रा वर्ग में कुल 297 किग्रा - स्नैच में 137 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 160 किग्रा वजन उठाकर छठे स्थान पर रहे। उत्तर कोरिया के री चोंग सॉन्ग ने पुरुषों के 81 किग्रा में कुल 369 किग्रा - स्नैच में 169 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 200 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। कजाकिस्तान के एलेक्जेंडर उवरोव ने 343 किग्रा के साथ रजत और तुर्कमेनिस्तान के गेगिसिज तोरायेव ने 337 किग्रा के साथ कांस्य पदक जीता।

## तीरंदाजी में पदक विजेताओं से मिले अभिनव कुमार

**देहरादून।** उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने गुरुवार बारहवीं अखिल भारतीय तीरंदाजी (आर्चरी) चैंपियनशिप 2023-24 के पदक विजेताओं से भेंट की। श्री अभिनव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुये भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए भी कड़ी मेहनत एवं लगन से अभ्यास करने, स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। राज्य पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन ने बताया कि 30 जनवरी से 04 फरवरी तक बेंगलुरु (कर्नाटक) में 12वीं अखिल भारतीय आर्चरी चैंपियनशिप 2023-24 आयोजित हुई। जिसमें उत्तराखण्ड पुलिस के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

## सैयद शकील मोहम्मद क्रिकेट प्रतियोगिता 27 फरवरी से

**भोपाल।** सेंट माइकल स्कूल एवं क्रिकेट अकादमी के संस्थापक स्वर्गीय सैयद शकील मोहम्मद की स्मृति में सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी द्वारा टी20 ऑल इंडिया आमंत्रित प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय बाबे अली क्रिकेट स्टेडियम पर 27 फरवरी से किया जा रहा है। सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी की सचिव हिबा शकील मोहम्मद ने बताया कि उनके पिताजी का सपना था कि भोपाल की क्रिकेट प्रतिभाओं को अवसर प्रदान किया जाए, जिसके तहत वे यह प्रतियोगिता निरंतर 21 वर्षो से निशुल्क आयोजित कर रहे थे, परंतु अभी नहीं रहे तो हम लगातार तीसरे वर्ष भी उनके नाम से प्रतियोगिता आयोजित करने जा रहे हैं। टूर्नामेंट आयोजन सचिव सैयद अवान शकील एवं सैयद अयान शकील ने जानकारी दी की इस प्रतियोगिता में शहर एवं बाहर की 16 प्रतिष्ठित एकेडमी को आमंत्रित किया जाएगा जिसमें नॉकआउट पद्धति से तथा व्हाइट बॉल से यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा प्रतियोगिता में कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्रतियोगिता में आकर्षक पुरस्कार दिए जायेंगे।



## जम्मू-कश्मीर की इस मनमोहक जगह पर उठाएं ट्रेकिंग का आनंद, देखने को मिलेंगे कई हसीन नजारे

सर्दियों के मौसम में हिल स्टेशन घूमना लोगों को काफी ज्यादा पसंद होता है। हिल स्टेशन के खूबसूरत नजारे और ठंडी हवाओं का अलग ही एहसास होता है। वैसे तो दिल्ली से उत्तराखंड और हिमाचल पहुंचना काफी ज्यादा आसान होता है। ऐसे में आप चाहें तो पार्टनर संग कश्मीर को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। बता दें कि हिमालय की गोद में बसे जम्मू-कश्मीर को भारत का जन्नत भी माना जाता है। यहां की हसीन वादियों के आप मुरीद हो जाएंगे। जम्मू-कश्मीर में बसी हर एक जगह की अपनी खासियत होती है। जिसको जीवन में एक बार जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

**अहर**- हांलाकि जम्मू-कश्मीर पहुंचना इतना भी आसान नहीं है। लेकिन अगर आप जम्मू-कश्मीर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो एक बार आपको पहलगाम भी जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। बता दें कि पहलगाम में घास के मैदान, झील-झरने, बर्फ से ढके पहाड़ और दूध की तरह बहती नदी यहां की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। वहीं बर्फबारी के दौरान इस जगह की खूबसूरती अपने चरम पर होती है। बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए पहलगाम में पर्यटकों की भारी भीड़ होती है।

**बेताब वैली**- पहलगाम में बेताब वैली को हजन वैली के नाम से भी जाना जाता है। यह पहलगाम से करीब 15 किमी की दूरी पर स्थित है। इस स्थान पर कई फिल्मों को भी शूट किया जा चुका है। बताया जाता है कि साल 1983 में यहां पर फिल्म 'बेताब' की शूटिंग की गई थी। यह जगह इतनी ज्यादा पॉपुलर हुई कि फिल्म का नाम इस जगह के नाम पर रख दिया गया। ऐसे में आपको यह जगह जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। इसके अलावा आप यहां पर ममलेश्वर मंदिर, शेषनाग झील और अरु वैली आदि जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**चंदनवाड़ी**- पहलगाम के बाहरी छोर पर स्थित चंदनवाड़ी वैली काफी ज्यादा मनमोहक है। पहलगाम से चंदनवाड़ी वैली की दूरी 15 किमी है। चंदनवाड़ी वैली में झील-झरने और मनमोहक बर्फ से ढके पहाड़ आपका मन मोह लेंगे। काफी कपल्स यहां पर अपना हनीमून भी प्लान करते हैं। पूरे जम्मू कश्मीर में चंदनवाड़ी की खूबसूरती तो फेमस है। साथ ही इसका अपना धार्मिक महत्व भी है। इस स्थान से अमरनाथ की यात्रा शुरू होती है। इसलिए सैलानियों के लिए यह जगह बेहद खास हो जाती है।

**ममलेश्वर मंदिर**- पहलगाम जाने के दौरान ममलेश्वर मंदिर जाना न भूलें। वैसे तो यहां पर आपको कई धार्मिक स्थल मिल जाएंगे। ममलेश्वर मंदिर 12वीं शताब्दी में बनाया गया था। इस मंदिर में भगवान शिव की पूजा होती है। कोलाहोई ग्लेशियर से निकलने वाली एक जलधारा के पास यह मंदिर स्थित है। जो ममल गांव में स्थित है। पहलगाम से ममलेश्वर मंदिर की दूरी 1 किमी है।

**अरु वैली**- अगर आप ट्रेकिंग के शौकीन हैं, तो आपको अरु वैली जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां पर आपको रुकने के लिए कई ऑप्शन मिल जाएंगे। ट्रेकिंग के दौरान जब आप पहाड़ों के बीच से निकलेंगे तो आपको कई खूबसूरत नजारे देखने को मिलेंगे। इसके अलावा आप यहां पर पिकनिक मना सकते हैं।

**फुटबॉल**

**एमबापे ने दागा गोल, 15 मैचों से जारी है पीएसजी का विजयी अभियान**

## ब्रेस्ट को हराकर पीएसजी फ्रेंच कप के क्वार्टर फाइनल में




**पेरिस (एजेंसी)।** किलियान एमबापे ने मौजूदा सत्र का अपना 30वां गोल दागा जिससे पेरिस सेंट-जर्मेन पीएसजी ने ब्रेस्ट पर 3-1 से जीत के साथ फ्रेंच कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ ही टीम का अजेय क्रम 15 मैचों तक पहुंच गया। पीएसजी के साथ जून में मौजूदा अनुबंध के खत्म होने के बाद रीयल मैड्रिड जाने की अटकलों के बीच एमबापे इस सत्र में शानदार लय में है। ओप्टा के आंकड़ों के मुताबिक फेंच कप के 28 मैचों में उन्होंने 35 गोल किए हैं और 15 गोल में दूसरे खिलाड़ियों की मदद की है। पिछले चार मैचों में उन्होंने 11 गोल दागे हैं। उन्होंने मैच के 34वें मिनट में टीम का खाता खोला जिसके तीन मिनट के बाद डानिलो परेरा ने टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। मध्यांतर के बाद एमबापे टीम को 3-0 से आगे करने से चूक गये जब उनका प्रयास क्रॉसबार से टकराकर विफल हो गया। स्टीव मौनी ने 65वें मिनट में गोल कर ब्रेस्ट की वापसी कराई लेकिन कोनकालोस रामोस ने आखिरी क्षणों 90 प्लस दो मिनट में पीएसजी को 3-1 से आगे कर दिया। अन्य मुकाबलों में सात बार के फ्रांस के चैंपियन लियोन ने लिली के खिलाफ 2-1 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। नीस ने मोंटपेलियर को 4-1 से शिकस्त देकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

### गोल दागने के दो मौके गंवाने के बाद मेसी की हूटिंग

**तोक्यो।** हांगकांग में प्रशंसकों को निराश करने के बाद लियोनेल मेसी विसेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेसी के पास इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका दोनों प्रयास विफल हो गया। मैच के 80वें मिनट में गोलकीपर शोता आरिया ने उनके प्रयास को विफल कर दिया जबकि उनके दूसरे प्रयास को विस्सेल कोबे की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया।नियमित समय में मुकाबला गोलरहित छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विस्सेल कोबे ने 4-3 से जीत दर्ज की।

# सोनम कपूर

## बनी ब्लेंडर्स प्राइड फैशन नेक्स्ट की शो स्टॉपर



**नई दिल्ली (वार्ता)।** ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट के पहले संस्करण में फैशन डिजाइनर रिमझिम दादू ने युवा दिल की आजादी को अपनाने की ओर समर्पित कलेक्शन को प्रदर्शित किया जिसकी शो स्टॉपर अभिनेत्री सोनम कपूर रही। वैश्विक फैशन और लाइफस्टाइल ट्रेंड्स के प्रभावों को प्रस्तुत करते हुए, फैशन नेक्स्ट को तीन अनूठी थीम्स के आधार पर क्यूरेट किया गया है जो उभरते फैशन के शीर्ष पर है: हॉलिडे वियर में लक्जरी फैशन के प्रभाव का प्रतिनिधित्व करने वाला, वांडरलक्स; हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक व्याख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला, ग्लॉस ऐंड ग्लैम; और भविष्यवाद से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करने वाला, इंटरग्लैमैटिक। इन तीन थीम्स को बुनते हुए, फैशन डिजाइनरदादू ने ऐसा कलेक्शन पेश किया, जो ग्लैमर के साथ फ्यूचरिस्टिक फैशन के सार को जोड़ता है। इस कलेक्शन की पहचान दादू की नवीन टेक्सटाइल और तकनीकें है।

# डेनमार्क में स्कूली बच्चों का निजी डाटा गूगल को न देने का आदेश

**लंदन (आईएएनएस)।** छात्रों के डेटा के संभावित दुरुपयोग से चिंतित, डेनमार्क के डेटा संरक्षण प्राधिकरण ने स्कूलों को क्रोमबुक और गूगल वर्कस्पेस सेवाओं के उपयोग के माध्यम से छात्रों के डेटा को गूगल पर भेजना बंद करने का आदेश दिया। नियामक डेटाटिल्सिनेट ने 53 नगर पालिकाओं में स्कूलों को छात्रों का व्यक्तिगत डेटा अब गूगल को नहीं देने का आदेश दिया है। यह मामला लगभग चार साल पहले एक चिंतित माता-पिता और कार्यकर्ता, जेस्पर ग्रेगार्ड द्वारा एजेंसी के ध्यान में लाया गया था। ग्रेगार्ड ने इस बात पर एतराज जताया था कि कैसे दुरुपयोग की संभावना पर विचार किए बिना छात्र डेटा गूगल को भेजा जाता है। डेनिश एजेंसी ने अब निर्णय लिया है कि व्यक्तिगत डेटा को गूगल पर स्थानांतरित करने के लिए कानूनी आधार नहीं है। नगर पालिकाओं के पास 1 मार्च तक यह घोषित करने का समय है कि वे नियामक के आदेश का अनुपालन कैसे करना चाहते हैं और 1 अगस्त तक अपनी डेटा प्रोसेसिंग प्रथाओं को नई आवश्यकताओं के साथ पूरी तरह से संरेखित करें। गूगल ने अभी तक डेनिश एजेंसी के आदेश पर कोई टिप्पणी नहीं की है। आईटी सुरक्षा और कानून विशेषज्ञ एलन फ्रैंक ने कहा, आजकल अधिकांश आईटी मानक उत्पादों में एक बहुत ही जटिल संविदात्मक आधार होता है, इसमें न केवल व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण में विविधता के लिए कई विकल्प होते हैं, बल्कि परिवर्तनों की अपेक्षाकृत उच्च आवृत्ति भी होती है। उन्होंने एक बयान में कहा, इससे डेटा-जिम्मेदार कंपनियों और अधिकारियों के लिए जीडीपीआर पर खरा उतरना जरूरत से ज्यादा मुश्किल हो जाता है, क्योंकि डेटा के साथ क्या हो रहा है, इसका पता लगाना आसान है। नगर पालिकाओं को विशिष्ट उद्देश्यों के लिए गूगल को व्यक्तिगत डेटा के हस्तांतरण को रोकने या ऐसे हस्तांतरण के लिए स्पष्ट कानूनी आधार प्राप्त करने का आदेश दिया गया है।



# सेहतमंद त्वचा दे सकता है बादाम

**भोजन में मुट्ठीभर बादाम शामिल कर लेना सेहतमंद त्वचा बनाए रखने के लिए जरूरी है। इसके साथ ही माइंडफुलनेस तकनीक जैसे योग का अभ्यास और पर्याप्त नींद लेना भी आवश्यक है।**



**नई दिल्ली (वार्ता)।** विशेषज्ञों का मानना है कि किसी को सुंदरता और खूबसूरत होने का एहसास दिलाने में भोजन विकल्पों की बहुत बड़ी भूमिका होती है और भोजन में मुट्ठीभर बादाम शामिल कर लेना सेहतमंद त्वचा बनाए रखने के लिए जरूरी है। इसके साथ ही माइंडफुलनेस तकनीक जैसे योग का अभ्यास और पर्याप्त नींद लेना भी आवश्यक है। आल्मंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा ग्लो फ्रॉम विदिनः नर्चरिंग ए रेडिएंट स्किन विषय पर आयोजित परिचर्चा में विशेषज्ञों ने कहा कि खूबसूरती को केवल बाहरी सुंदरता से नहीं नापा जा सकता, आप जो खाते हैं वह आपकी खूबसूरती और उसके एहसास को बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस परिचर्चा में अभिनेत्री सोहा अली खान, डर्मेटोलॉजिट एवं स्किन एक्सपर्ट डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता के साथ मैक्स हेल्थकेयर, डायटेटिक्स रीजनल हेड, दिल्ली-रितिका समद्दर ने हिस्सा लिया।

सुश्री समद्दर ने पौराणिक ग्रंथों और आधुनिक रिसर्च पर जोर दिया। जिनमें रोजाना अपने ब्यूटी रूटीन में बादाम को शामिल करने के कई सारे फायदों के बारे में बताया गया है। उन्होंने एक अध्ययन की भी चर्चा की, जिसमें दर्शाया गया है कि कैलोरी से भरपूर स्नैक की जगह बादाम लेने से मेनोपॉज के बाद के दौर से गुजर रही महिलाओं का स्किन टोन बेहतर होता है और चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं। खासकर जिन महिलाओं को फिट्जपैट्रिक स्किन टाइप 1 और 2 की समस्या है। इसके साथ ही बादाम में हेल्दी फैट्स और विटामिन ई (अल्फा-टोकोफेरॉल) होता है, जोकि एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर है। यह सेहतमंद स्किन के लिए फायदेमंद होता है।

> 'हमारी त्वचा की प्राकृतिक चमक संतुलित आहार पर निर्भर करती है, क्योंकि हमारी त्वचा हमारी अंदरूनी सेहत का आईना होती है।

डॉ. गुप्ता ने त्वचा की बनावट को बेहतर बनाने के लिए बादाम को अपने रोजाना के भोजन में शामिल करने पर जोर दिया और यह भी बताया कि बादाम खाने से त्वचा सूरज की हानिकारक यूवीबी किरणों से मुकाबला करती है। उन्होंने कहा 'हमारी त्वचा की प्राकृतिक चमक संतुलित आहार पर निर्भर करती है, क्योंकि हमारी त्वचा हमारी अंदरूनी सेहत का आईना होती है। स्किनकेयर स्पेशलिस्ट होने के नाते, मैं त्वचा को अंदर से पोषण देने के महत्व को समझती हूं और इस यात्रा में बादाम एक अहम भूमिका निभाता है जो प्रोटीन, कॉपर, जिंक, विटामिन ई और पॉलीफेनॉल जैसे पोषक तत्वों से युक्त होता है।



# शाहिद कपूर ने अद्रिजा की तारीफ की

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने झलक दिखला जा के मंच पर अद्रिजा सिन्हा की तारीफ की है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर झलक दिखला जा के 'लव स्पेशल' एपिसोड में सभी प्रतियोगी मनमोहक परफॉर्मेंस के जरिए प्यार की अपनी परिभाषा व्यक्त करेंगे। जावेद जाफ़री, विशेष अतिथि के रूप में इस एपिसोड की शोभा बढ़ाएंगे, जबकि शाहिद कपूर और कृति सैनन भी अपनी फिल्म,'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को प्रमोट करने के लिए मौजूद होंगे।



कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ, अद्रिजा सिन्हा, शाहिद और कृति की आगामी फिल्म के गीत लाल पीली अंखियां पर अपने प्रदर्शन के साथ एक बार फिर जादू जगाने के लिए तैयार है। शाहिद कपूर ने अद्रिजा की तारीफ करते हुए कहा,मैं केवल इतना कह सकता हूं कि आज वह दिन है जब फैन एक्ट से बेहतर डांस करता है; पूरे एक्ट के दौरान मेरी नजरें अद्रिजा से हट ही नहीं रही थीं। अद्रिजा, आप इसकी हकदार हैं। आपकी हर धड़कन, हर कदम, हर अभिव्यक्ति, मैं आपके भीतर से फूटते डांस को महसूस कर सकता हूं। आपमें अपार प्रतिभा है और आप डांस फ्लोर के लिए ही पैदा हुई है। आज आपको देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा है, इसके लिए आपका शुक्रिया।

कृति सैनन ने कहा, यह अविश्वसनीय था, क्या परफॉर्मेंस है! मुझे इसका हर पल बेहद पसंद आया। आपने जिस तरह से डांस किया, आपकी ऊर्जा और आपके चेहरे के भाव अद्भुत थे।

# भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' रिलीज



**मुंबई (वार्ता)** गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' रिलीज हो गया है।लोकगीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है, गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार है। इस गाने के गीतकार बेबी दूबे है और संगीतकार विक्की वॉक्स है। वीडियो डायरेक्टर रवि पंडित, कोरियोग्राफर रौनक शाह है। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

## मां ने मुझे प्रोत्साहित किया

# बोमन ईरानी



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने बताया है कि उनकी मां ने उन्हें थिएटर जाने और सिनेमा देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटिश संसद और भारतीय उच्चायोग जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर बोमन ईरानी की उपस्थिति और प्रभावशाली शब्दों ने न केवल भारत को गौरवान्वित किया है, बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा का काम भी किया है। ऑक्सफोर्ड की अपनी यात्रा के दौरान, बोमन ईरानी ने एक यादगार भाषण दिया और सिनेमा से परे उनके प्रभाव के लिए डॉ अदिति लाहिरी से प्रशंसा प्राप्त की। अपनी जीवन यात्रा पर विचार करते हुए, बोमन ईरानी ने उल्लेखनीय क्षणों को साझा किया, जिसमें बचपन के अनुभवों से लेकर अपनी मां द्वारा थिएटर के लिए प्रोत्साहन के तहत एक फोटोग्राफर के रूप में काम करने सहित विविध भूमिकाएं शामिल हैं। बोमन ईरानी ने कहा, मैं डिस्लेक्सिक था और मैं बहुत तुतलाता था और जब भी मैं बोलता था तो हर कोई हंसता था।

# स्मार्टफोन

## यानी हम काम के लिए हमेशा उपलब्ध हैं



**सिडनी (द कन्वरसेशन)।** ऑस्ट्रेलियाई श्रमिकों को काम के निर्धारित घंटों के बाद कार्यस्थल से कोई संपर्क न रखने का अधिकार दिया जाएगा। ग्रीन्स सीनेटर बारबरा पोकॉक, जो बदलाव का नेतृत्व कर रही है, के अनुसार यह 'कर्मचारियों को कार्य घंटों के बाद अपने नियोक्ताओं से काम से जुड़े कॉल और ईमेल को अनदेखा करने के लिए सशक्त बनाएगा'। पिछले हफ्ते, सीनेट समिति ने फेयर वर्क एक्ट में कमियों को दूर करने वाले संशोधनों की समीक्षा करते हुए 'कार्यस्थलों में संपर्क और उपलब्धता के बारे में स्पष्ट अपेक्षाओं के विकास' का समर्थन करने के लिए डिस्कनेक्ट करने का अधिकार शुरू करने की सिफारिश की थी। बुधवार को, अल्बानी सरकार ने संकेत दिया कि वह संशोधन का समर्थन करती है।

### एक बनाना गणतंत्र?

एसीसीआई के मुख्य कार्यकारी एंड्रयू मैककेलर के अनुसार, डिसकनेक्ट करने का अधिकार 'ऑस्ट्रेलिया के बनाना रिपब्लिक बनने की दिशा में अंतिम कदम' होगा। लेकिन यह याद रखना चाहिए कि श्रमिकों को स्मार्टफोन से पहले भी डिस्कनेक्ट करने का अधिकार था। इस तरह की सुरक्षा को अब स्पष्ट करने की आवश्यकता है, प्रौद्योगिकी ने काम और घर के बीच की मजबूत सीमाओं को खत्म कर दिया है। जैसे-जैसे काम की प्रकृति और नियोक्ता की कार्यप्रणाली बदलती है, रोजगार नियमों के लिए तदनुसार प्रतिक्रिया देना आवश्यक है। श्रमिकों को उनके खाली समय का अतिक्रमण करने वाले नियोक्ताओं से बचाने के लिए डिस्कनेक्ट करने का अधिकार होना एक आवश्यक प्रतिक्रिया है।


### ऑफिस से अलगाव के अधिकार जरूरी क्यों है?

पिछले साल, कार्य और देखभाल पर सीनेट की चयन समिति ने कर्मचारियों की 'उपलब्धता में कमी' की ओर ध्यान आकर्षित किया था, जहां उपलब्ध कर्मचारियों से काम के घंटों के बाद भी काम पूरा करने की अपेक्षा की जाती है। स्मार्टफ़ोन ने प्रबंधकों के लिए किसी भी समय श्रमिकों से संपर्क करना आसान बना दिया है। कोविड महामारी के दौरान घर से काम करने के कारण काम और व्यक्तिगत जीवन के बीच की सीमाएं और अधिक कम हो गईं। सेंटर फॉर फ्यूचर वर्क की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वेक्षण में शामिल 71फीसद श्रमिकों ने अक्सर अधिक काम या प्रबंधकों के दबाव के कारण अपने निर्धारित कार्य घंटों के अलावा भी काम किया था।

### 'रोस्टर न्याय'

डिस्कनेक्ट करने का अधिकार इन चुनौतियों का समाधान प्रदान करता है। काम और देखभाल पर सीनेट की चयन समिति ने पाया कि ऐसा अधिकार श्रमिकों को उनके काम के घंटों पर अधिक निश्चितता देकर 'रोस्टर न्याय' प्रदान कर सकता है। यूरोप, एशिया, उत्तरी अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों ने पहले से ही नियोक्ताओं को काम के घंटों के बाहर श्रमिकों से संपर्क करने पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून या नियम स्थापित कर दिए हैं। वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में चल रहे कम से कम 56 उद्यम समझौते डिस्कनेक्ट करने का अधिकार प्रदान करते हैं। इसमें शिक्षकों, पुलिस अधिकारियों और विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को शामिल करने वाले समझौते शामिल हैं। औद्योगिक संबंध मंत्री टोनी बर्क ने संकेत दिया है कि राइट टू डिसकनेक्ट कानून नियोक्ताओं को काम के घंटों के बाहर अपने कर्मचारियों से संपर्क करने के लिए 'उचित आधार' प्रदान करेगा।

# विक्रांत-शीतल ने अपने पहले बच्चे का किया स्वागत



**मुंबई (आईएएनएस)।** फिल्म 12वीं फेल के अभिनेता विक्रांत मैसी और उनकी पत्नी शीतल ठाकुर ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। कपल ने इंस्टाग्राम पर कई शानदार तस्वीरें शेयर की। जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया, हम अपने बेटे के आगमन की घोषणा करते हुए खुशी और प्यार से फूल रहे हैं। नोट में हुडी, मुलायम खिलौने, दूध पिलाने की बोतल, जैसी बच्चों की चीजों की तस्वीरें हैं। विक्रांत ने पोस्ट को हाथ जोड़ने वाले इमोजी और सफेद दिल के साथ कैप्शन दिया। '12वीं फेल' में विक्रांत के साथ अभिनय करने वाली मेधा शंकर ने कहा, आप लोगों को बधाई हो।

# एक रजाई तीन लुगाई 2 का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म एक रजाई तीन लुगाई 2 का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। फर्स्ट लुक में यश कुमार, फिल्म की तीन खूबसूरत अदाकारा रक्षा गुप्ता, संजना पांडेय और शालू सिंह के सामने सरेंडर किये नजर आते हैं। वहीं तीनों अभिनेत्री के हाथ में राइफल है। रामा प्रसाद प्रोडक्शन एवं चंद्रवर्षा इंटरटेनमेंट प्रा लि के बैनर से बनी फिल्म एक रजाई तीन लुगाई 2 में यश कुमार, रक्षा गुप्ता, संजना पांडेय,शालू सिंह,सुबोध सेठ,बालेश्वर सिंह,महेश आचार्या और रोहित सिंह मटरू मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, रामा प्रसाद, मोनिका सिंह, चंद्रेश मेहता हैं। निर्देशक राजकिशोर प्रसाद राजू है। लेखक अरविंद तिवारी और छायांकन समीर जहांगीर का है।

# 12 जुलाई को रिलीज होगी जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म वेदा 12 जुलाई को रिलीज होगी। जॉन अब्राहम ने इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म वेदा के दो पोस्टर रिलीज किए हैं, जिसमें से पहली तस्वीर में जॉन गन और बंदूक लिए खड़े दिख रहे हैं. लेकिन चेहरा नजर नहीं आ रहा है, वहीं दूसरे पोस्टर में फिल्म के नाम के साथ जॉन अब्राहम और शरवरी नजर आ रहे हैं। निर्देशक निखिल आडवाणी ने बताया,'वेदा' सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह रियल लाइफ स्टोरी से प्रेरित है और हमारे समाज का आईना भी है। जॉन, शरवरी और अभिषेक बनर्जी के साथ काम करना एक शानदार अनुभव बताया।




# हृषिकेश मुखर्जी की 'बावर्ची' का रीमेक बनाएंगी अनुश्री मेहता



**मुंबई (आईएएनएस)।** पिछले साल राधिका आप्टे-स्टारर 'मिसेज अंडरकवर' के साथ निर्देशन में कदम रखने वाली फिल्म निर्माता अनुश्री मेहता अब 1972 की बहुचर्चित क्लासिक 'बावची' के हिंदी रीमेक का निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का निर्देशन मूल रूप से हृषिकेश मुखर्जी ने किया था। हृषिकेश मुखर्जी फीचर फिल्म्स और समीर राज सिप्पी प्रोडक्शंस के बीच तीन फिल्मों के सहयोग में से यह पहली फिल्म होगी। अमिताभ बच्चन-जया बच्चन अभिनीत फिल्म 'मिली'(1975) और गुलजार की (1972) की 'कोशिश' जैसी सदाबहार क्लासिक्स का भी रीमेक बनाया जाएगा। अनुश्री मेहता ने बावर्ची के रीमेक बनाने को एक बड़ी जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा, जब मेरे बिजनेस पार्टनर अबीर सेनगुप्ता (जादूगर फिल्म्स), समीर राज सिप्पी और मैंने इन तीन प्रतिष्ठित फिल्मों का निर्माण करने के लिए हाथ मिलाने का फैसला किया तो हम स्पष्ट थे कि हम बेहतर रीमेक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बावर्ची पर हमारी चर्चा के दौरान अबीर और समीर ने राय दी कि मुझे रीमेक को लिखना और निर्देशित करना चाहिए। फिल्म निर्माता ने कहा, उन्हें विश्वास था कि मैं कहानी को इस तरह से बता पाऊंगी जिससे उन्हें गर्व होगा। हम अपनी दृष्टि के साथ तालमेल बिठा रहे थे और मैं लेखक-निर्देशक के रूप में आने के लिए पूरे दिल से सहमत हो गई। पारिवारिक कॉमेडी ड्रामा में अभिनेता राजेश खन्ना, जया बच्चन और असरानी सहित अन्य कलाकारों की टोली शामिल थी।

# वाणी कपूर, निर्देशक रॉयचौधरी के साथ नजर आई राशि खन्ना

**मुंबई (आईएएनएस)।** अभिनेत्री राशि खन्ना ने वाणी कपूर, निर्देशक बोधायन रॉयचौधरी और अन्य लोगों के साथ मस्ती के कुछ पलों को अपने फैंस के लिए इंस्टाग्राम पर शेयर किया। 'रुद्र', 'फजी' जैसे प्रोजेक्ट्स में काम करने वाली राशि खन्ना ने अपने चाहने वालों के लिए इंस्टाग्राम पर कई फोटो शेयर किए। जिसमें उन्हें मस्ती करते हुए देखा जा सकता है। फोटो में राशि और वाणी को सफेद टीशर्ट और नीली फ्लेयर्ड डेनिम पहने हुए देखा जा सकता है। फिल्म 'सेक्टर 36' के लिए मशहूर बोधायन काली टीशर्ट और शॉर्ट्स में दिख रहे हैं। कैमरे के लिए पोज देते सभी खुश नजर आ रहे हैं। फोटो को कैप्शन दिया गया, मूवी डेट विद माय गर्ल्स एंड विचित्र प्राणी। राशि की अगली फिल्म 'अरनमनई 4', 'योद्धा' और 'मेथावी' पाइपलाइन में हैं। दूसरी ओर वाणी अगली बार 'रेड 2' और 'मंडला मर्डर्स' में नजर आएंगी।



# मौनी अमावस्या पर गंगा में हजारों ने लगाई आस्था की डुबकी, सड़कों पर उमड़ पड़ा जन सैलाब



( डा० शरद कुमार वर्मा )

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वाराणसी से सटे हुए लहुरी काशी गाजीपुर में माघ महीने की पवित्र अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। शुक्रवार की भोर से ही जिले के विभिन्न घाटों की तरफ लोगों का हुजूम जाता हुआ दिखाई दिया। इस महीने में स्नान दान का पुण्य और महात्म्य पुराणों में भी वर्णित है। गाजीपुर के पत्थरघाट, पीरनगर घाट, कलेक्टर घाट, कलेक्टर घाट, नवापुरा घाट, चीतनाथ घाट, स्टीमर घाट, गोलाघाट पर तिल रखने तक की जगह नहीं थी। श्रद्धालुओ की टोली स्नान करते हुए तथा दान पुण्य करते हुए दिखाई दे रही थी। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली महिला श्रद्धालु अपने साथ चावल, आटा, दाल, नमक तथा तरह-तरह के सब्जियां जैसे आलू, प्याज, आदि लेकर भी पहुंचे थे स्नान के बाद यह वस्तुएं गरीबों को दान देने की भी परंपरा है। ठंडी ठंडी तेज चल रही हवाओं पर भी आस्था भरी पड़ रहा था। घाटों पर पंडित भी मंत्रोच्चारण के साथ-साथ माथे पर चंदन टीका लगाते हुए दिखाई दिए। मौनी अमावस्या के पावन मौके पर गंगा घाटों पर सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की देखी जा रही थी। आसपास के दूर दराज के गांव के लोगों को चार पहिया तथा ट्रैक्टर पर बैठकर आते हुए और गंगा स्नान करते हुए देखा गया, बहुत सारे भक्तों की टोली पारंपरिक भक्ति गीत गाते हुए गंगा घाट की तरफ जाते हुए दिखाई पड़े। मौनी अमावस्या पर स्नान के बाद दान और भगवान भोलेनाथ के दर्शन देने और जल देने का अपना अलग महत्व है। कलेक्टर घाट पर बातचीत के दौरान एक विद्वान पंडित पंचम दूबे ने बताया की माघ मास की अमावस्या तिथि को मौनी अमावस्या के नाम से जाना जाता है इस मौके पर मौन होकर गंगा में स्नान करने और उसके बाद दान पुण्य से पुण्य की प्राप्ति होती है इसके साथ ही पितृ भी प्रसन्न होते हैं। इस मौके पर लोगों की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा घाटों पर चाक चौबंद पुलिस की व्यवस्था भी रही।

## 23.5 किग्रा गोमांस, गौकशी का ठीहा समेत 4 अभियुक्त कोतवाली गाजीपुर के फंदे में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में जनपद गाजीपुर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर गाजीपुर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर गाजीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में गुरुवार को निगाही बेग के पास से मुखबिरी सूचना के आधार पर अभियुक्तागण शीबा परवीन उम्र 22 वर्ष पुत्री मेराज निवासी मोहल्ला निगाही बेग थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, सहनाज बानो उम्र 21वर्ष पत्नी शाहिद निवासी मोहल्ला निगाही बेग थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, नजमा खातून उम्र 40 वर्ष पत्नी ताज निवासी मोहल्ला निगाही बेग थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, संजीदा परवीन उम्र 40 वर्ष पत्नी शकील उर्फ सेराज निवासी मोहल्ला निगाही बेग थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया एवम् इनके पास से 23.5 किग्रा गोमांस, 01 अदद लोहे की बांकी, 02 अदद लोहे का चाकू, 01 अदद लोहे की कुल्हाड़ी, 01 अदद गोमांस काटने का लकड़ी का गुटका यानि ठीहा बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 55/2024 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व 4/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में दीन दयाल पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना, कोतवाली गाजीपुर, उप निरीक्षक अशोक कुमार गुप्ता, उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, कांस्टेबल मदन गौतम, कांस्टेबल नीरज सरोज थाना कांस्टेबल रंजीत कुमार थाना कोतवाली गाजीपुर शामिल रहे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 22 लाख की ठगी कोर्ट के आदेश पर बृजमनगंज पुलिस ने दर्ज किया केस

प्रखर महराजगंज। नौकरी का झांसा देकर तीन जालसाजों ने बृजमनगंज के एक युवक से 22.50 लाख रुपये ठगने का मामला प्रकाश में आया। पीड़ित थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक केस दर्ज कराने के लिए चक्कर काटता रहा लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। तब उसने न्यायालय की शरण ली।इसके बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा कोर्ट के आदेश पर बृजमनगंज पुलिस ने दिनांक 07/02/2024 को अभियुक्त आफताब पुत्र नुरुलेन निवासी कानपुर, विनय सिंह पुत्र उपेंद्र सिंह निवासी लखनऊ ,शफीक पुत्र दिलबहार निवासी कस्बा बृजमनगंज पर धारा 419,420,467,468, 471,406,506 दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।बृजमगंज थाना क्षेत्र नौसागर टोला कुआडाड़ी के रहने वाले जमशेद अहमद ने बताया कि उसके भाई जावेद ने यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद के लिए परीक्षा दी थी। रिजल्ट आने से पहले उनकी मुलाकात बृजमनगंज कस्बे के शफीक अहमद से हुई। भाई की परीक्षा को लेकर बातचीत के दौरान शफीक ने कहा कि उसका भांजा आफताब आलम व आफताब का दोस्त विनय सिंह इस समय बृजमनगंज में उसके घर पर हैं। दोनों की पुलिस विभाग में अच्छी पकड़ है। वे जावेद को परीक्षा में पास करा देंगे। इसके झांसे में आकर वह शफीक के घर गया जहां आफताव और विनय से मुलाकात हुई।आफताब मूलतः गोरखपुर के गोला बाजार के वार्ड नंबर सात का रहनेवाला है और अभी कानपुर में जीएसवीएम मेडिकल कालेज,नजदीक हैलेट हास्पिटल थानास्वरुप नगर में रहता है। वहीं विनय सिंह लखनऊ के कृष्णानगर में ग्राम-561/610 रहता है।जमशेद अहमद के अनुसार उसने छह महीने में 22.50 लाख रुपये दिए जमशेद के अनुसार, उसने भाई की नौकरी के लिए 25 नवंबर 2021 को सात लाख रुपये, दो दिसंबर 2021 को दो लाख रुपये, तीन व चार दिसंबर 2021 को पांच-पांच लाख और आठ अप्रैल 2022 को तीन लाख पचास हजार रुपये (कुल 22.50 लाख) आरोपियों को दिए। पर जून 2022 में जब परीक्षा का रिजल्ट आया तो उसमें जावेद का नाम नहीं था। उन्होंने आरोपियों से बात करने की कोशिश की। जमशेद के अनुसार, छह अगस्त अगस्त 2023 को उसे पता चला कि आफताब, विनय शफीक के घर पर मौजूद हैं। इस पर शाम करीब 5 बजे वह वहां पहुंच गया। उसने तीनों से अपनी रकम वापस करने को कहा तो उन लोगों ने रुपये लौटाने से मना करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## आकांक्षात्मक श्रेणी से बाहर आने के लिए बिरनो ब्लॉक को मिला एक करोड़ का बजट

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद में आकांक्षात्मक ब्लॉक को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए प्रशासन की तरफ से शासन के निर्देश पर पिछले दिनों काफी कवायद किया गया। जिसका अब रिजल्ट सामने आया है। इस परिणाम में गाजीपुर का बिरनो ब्लॉक प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर एक करोड रुपए का बजट प्राप्त किया है। इस बजट से ब्लॉक में कई तरह के कार्य कराए जाएंगे। जिससे यह ब्लॉक आकांक्षात्मक की श्रेणी से बाहर आकर सामान्य कार्य कर सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने बताया कि पूरे प्रदेश में 100 आकांक्षात्मक ब्लॉक में गाजीपुर के 6 ब्लॉक रेवतीपुर, सादात, बिरनो, बाराचवर ,मरदह, और देवकली हैं। जिसके लिए नीति आयोग के द्वारा कुल 95 बिंदु के मानक तय किए गए थे। इन्हीं बिंदुओं के आधार पर इन ब्लॉकों में कार्य किया जा रहा



था। जिसमें से 17 बिंदु स्वास्थ्य विभाग के हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से प्रसव सुविधाओं को बेहतर करना ,गर्भवती को सुविधा, क्षय रोगियों का नोटिफिकेशन एवं चिन्हित टीवी मरीजों का उपचार , नियमित टीकाकरण, आयुष्मान भारत के अलावा कई अन्य बिंदुओं पर इस ब्लॉक में कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नीति आयोग की तरफ से प्रदेश में कौशांबी जनपद के गुना ब्लॉक को प्रथम स्थान देते हुए दो करोड रुपए का बजट, बस्ती जनपद के हरैया ब्लॉक को दूसरा स्थान को डेढ़ करोड़ और गाजीपुर के बिरनो ब्लॉक को तीसरा स्थान मिला है और इसके लिए एक करोड रुपए का बजट मिला है। साथ ही उन्होंने बताया कि नीति आयोग के द्वारा कुछ ब्लाकों को चिन्हित किया गया था। जिन्हें दिल्ली बुलाकर प्रधानमंत्री ने संबोधन किया था। इसमें ब्लॉक से संबंधित अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख शामिल हुए थे।

## मोदी के स्वभाव से विरोधियों का प्रभाव खत्म : जगतगुरु परमहंस

लखनऊ। अयोध्या तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य जी ने राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वभाव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के स्वभाव से सत्ता विरोधी नेताओं का प्रभाव खत्म हो गया है। कहा कि जनता किसी के प्रभाव को महत्व नहीं देती बल्कि स्वभाव देखती है। उन्होंने रामायण से उदाहरण देते हुए कहा कि प्रभाव राक्षस रावण का था जिससे तीनों लोकों के प्राणी डरते थे जबकि स्वभाव मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का था जिनसे सभी प्रेम करते थे। कथा श्री रामचरितमानस में भगवान श्रीराम के स्वभाव का वर्णन करते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है कि 'अस सुभाउ कहुँ सुनउँ न देखउँ। केहि खगेस रघुपति सम लेखउँ'। मतलब ऐसा स्वभाव कहीं न देखा न ही कहीं सुना गया जैसा प्रभु श्रीराम जी का स्वभाव था। दूसरी चौपाई में भगवान शिव ने पार्वती जी को बताया कि 'उमा राम सुभाउ जेहिं जाना। ताहि भजनु तजि भाव न आना'। मतलब भगवान श्री राम का स्वभाव था जिनसे सभी प्रसन्न थे जबकि रावण का प्रभाव तो था लेकिन सभी दुखी थे इसलिए प्रभाव राक्षसों का होता है और स्वभाव अच्छे लोगों का होता है। सत्ता विरोधी पार्टियां जनता पर अपना प्रभाव जमाने पर लगी हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी जनता की सेवा करके अपने अच्छे स्वभाव का परिचय दे रही है जिससे देशवासियों में आशा व उत्साह का संचार हो रहा है।



परमपूज्य परमहंस जी ने कहा कि मोदी जी की लोकप्रियता दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। मोदी जी की लोकप्रियता स्वभावगत है। विरोधियों को सत्ता प्रभाव से मिली थी वह प्रभाव के कारण थी जो अब खत्म हो गई है। प्रभाव ज्यादा दिनों तक नहीं टिकता है। प्रभाव समाज में द्वेष पैदा करता है और स्वभाव राम-राज्य की स्थापना करता है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अच्छे स्वभाव से एक तरफ जहां देश का विकास हो रहा है वहीं दूसरी तरफ जनता पर प्रभाव जमाने वाले सत्ता विरोधी पार्टियों का सूपड़ा साफ होता जा रहा है। कहा कि 2024 लोकसभा के चुनाव में सत्ता विरोधियों को जमानत बचाना मुश्किल पड़ जाएगा। क्योंकि जनता उनके द्वारा थोपे गए प्रभाव से त्रस्त हो चुकी थी। मोदी जी के अच्छे स्वभाव से जनमानस में प्रश्नता व्याप्त है। इस समय देश में रामराज्य का माहौल है इसलिए जनता 2024 में मोदी जी को इस बार 500 प्लस सीट देना चाह रही है। जगतगुरु परमहंस जी ने कहा कि मोदी जी की राष्ट्रभक्ति अनंत आकाश की तरह है लोगों को मोदी जी से प्रेरणा लेना चाहिए।मोदी इस बात के ज्वलंत उदाहरण हैं कि राजनीति पद, प्रतिष्ठा और धन कमाने के लिए नहीं बल्कि अपने पास जो कुछ है वह भी जनता की सेवा में लगा देने के लिए है। राजनीति कुछ पाने के लिए नहीं बल्कि खोने के लिए होती है। जब व्यक्ति अपना सब कुछ अपने देश के लिए और जनता की सेवा में समर्पित कर दे सच्चे अर्थों में वही वास्तविक जनप्रतिनिधि है। जो लोग जनप्रतिनिधि बनकर केवल पद, प्रतिष्ठा तथा धनार्जन करने के लिए राजनीति में आते हैं वह जनता के शोषक हैं और ऐसे लोग जनता के कभी आदर्श नहीं बन सकते हैं।

## खड़बाडीह में अभिनव सिंहा ने प्रवास कर बूथ समिति सदस्यों एवं पन्ना प्रमुखों के साथ की बैठक

प्रखर ब्यूरो गाजीपु। बूथ समिती सदस्यों एवं पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक, मोदी एप्प इंस्टॉल तथा अन्य संगठनात्मक कार्यों को लेकर 24 घंटे के ग्राम प्रवास का भारतीय जनता पार्टी गांव चलो अभियान चला रही है।जिसके क्रम में कल जखनियां विधानसभा के ग्राम पंचायत खड़बाडीह में भाजपा युवा नेता अभिनव सिन्हा ने प्रवास कर बूथ की बैठक किया जिसमे पार्टी के संगठनात्मक बिन्दुओं पर कार्यकताओं से वार्ता किया तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तृत रूप से लोगों को बताया और कहा कि आज भारत का विकास जिस गति से विगत दस वर्षों में हुआ है वह अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गांवों के विकास तथा गरीबों के जीवन निर्वाह के लिए जितना काम किया गया है उससे जनता में सरकार और भाजपा दोनों का विश्वास बढ़ा है।इस अवसर पर उन्होंने लोगो की समस्या को सुनकर तत्काल निस्तारण का भी प्रयास किया। रात्रि प्रवास महर्षि शिक्षण संस्थान में हुआ। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता सुशील सिंह, दुर्गेश सिंह, गर्वजीत सिंह, मोनू



तिवारी एवं बूथ के कार्यकर्ता अभियान में रहे। जबकि गांव चलो अभियान में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने सदर ब्लाक के ग्राम पंचायत चौकिया में रात्रि प्रवास किया और बुथ संख्या 129 एवं 130 पर बुथ समिति सदस्यों एवं पन्ना प्रमुखों संग बैठक कर घर घर सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं से लोगों को जागरूक किया तथा कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व देश को लगातार प्रगति पथ पर सर्वांगीण विकास के साथ आगे बढा रहा है। इस अवसर पर मंगल कुशवाहा, अरबिंद बिंद, शिवनारायण भारद्वाज, मु आरिफ, जुगुनू, विनोद राजभर, अशोक कन्नौजिया सहित आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने समाचार संवाद के लोगो को किया संबोधित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह ने आज भाजपा जिला कार्यालय, छावनी लाइन के कांफ्रेंस हॉल मे मोर्चा द्वारा आयोजित होने वाले ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम को लेकर समाचार संवाद के लोगों को संबोधित किया और कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मजबूत इरादे तथा सेवा समर्पित कार्यो के बल पर लगातार दस वर्षों से केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्थापित भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जनता के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं और हर बार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक को लाभान्वित किया है। वंचित और पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचना भारतीय जनता पार्टी का सिर्फ एक चुनावी वादा नहीं बल्कि एक संकल्प है। किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाएं इस बात की साक्षी हैं कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धांत को समर्पित है। उन्होंने कहा कि




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मानना है कि देश में चार प्रमुख वर्ग हैं जिसमें गरीब, किसान, युवा और महिलाएं और इन वर्गों का विकास ही समग्र राष्ट्र के विकास का आधार है ।2014 में मा नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद किसानों को केंद्र में रखने वाली कई नीतियों और योजनाओं को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का मानना है कि 2047 तक का समय भारत के विकास यात्रा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है ,और हमारा देश कृषि प्रधान देश है, और देश की अर्थव्यवस्था में किसानों का अहम योगदान तथा विकसित भारत की नींव भी किसान और मजदूर ही रखेंगे। इसको ध्यान में रख करके ही उन्होंने अंतरिम बजट में अनुसंधान और आधुनिक कृषि तकनीक से सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तिलहनों में आत्मनिर्भरता हासिल करने की रणनीति बनाने की घोषणा की एवं मत्स्य संपदा योजना को भी आगे बढ़ने का संकल्प लिया है। रुद्र प्रताप सिंह ने सरकार द्वारा किसानों के लिए आयोजित की जाने वाली योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित कृषि बजट में लगातार वृद्धि करते हुए किसानों के कल्याण और उत्थान की दिशा में लगातार प्रयास किया गया है।और आज सरकार योजनाओं और कार्यों के माध्यम से अनेक उपलब्धियां भी अर्जित कर रही है। उन्ही योजनाओं और उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा 12 फरवरी को अपराह्न 12-30 बजे, मुजफ्फरनगर जनपद के मां शाकुंभरी देवी मंदिर प्रांगण से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राजकुमार चाहर द्वारा "ग्राम परिक्रमा यात्रा" का शुभारंभ किया जाएगा। जिसका एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण जनपद में भी किया जाएगा उन्होंने कहा कि गाजीपुर जनपद में भी यात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के द्वारा जहूराबाद विधानसभा के बाराचवर मंडल के कन्धौरा खुर्द ग्राम मे गौ, हल, ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्रों का पूजन करके किया जाएगा।

## प्रसूता ने दुर्लभ शिशु को दिया जन्म

### बच्चे का नहीं है नाक कान, स्किन की जगह प्लास्टिक का आवरण

खेतासराय (जौनपुर)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पर गुरुवार को महिला ने दुर्लभ बच्चे का जन्म दिया है। शिशु को नाक कान नही है। प्रसूता के जने बच्चे देखकर सभी दंग रह गए। नवजात की त्वचा की जगह प्लास्टिक का आवरण है। मुँह से सांसे ले रहा है और तेजी से आवाज आ रही है। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग जुटते तो उससे पहले महिला अपने नवजात लेकर चली गई। क्षेत्र के मवई गांव निवासी वीरेंद्र चौहान की पुत्री सीमा चौहान को प्रसव पीड़ा हुई तो वह पीएचसी सोंधी पहुँची। दोपहर करीब एक बजे उक्त महिला की नार्मल डिलीवरी हुई। बच्चे के पूरे शरीर पर बड़ी बड़ी दरारें है। अजीबो गरीब केस से लोग तरह तरह की चर्चा करते दिखे। खबर लिखें जाने तक बच्चा की सांसें चलती रही। परिवार के लोग कुछ भी बताने से कतराते रहें। इस बाबत पूछे जाने पर वरिष्ठ चिकत्सा अधिकारी डॉ मसूद ने बताया कि यह दुर्लभ जन्म विकृति है। इस तरह केसस में



50 लोग ही पूर्ण जन्मजात अरहिनिया के साथ पैदा होते है। इस से न सिर्फ नाक तंत्र को प्रभावित करता है बल्कि शिशु के आंख और बॉडी डेवलप को भी खासा असर डालता है।

## संक्षिप्त खबरें

### वैदिक यज्ञ की पूणार्हुति के साथ मनेगा श्री दुर्गा जी आदर्श विद्यालय का 32वां स्थापना दिवस



प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। क्षेत्र के चर्चित श्री दुर्गा जी आदर्श विद्यालय का वार्षिक उत्सव विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी धूम धाम से मनाया जाएगा। विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति में सामयिक विषयों के अलावा देशभक्ति और मौसमी गीतों की प्रधानता रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश राय ने बताया कि स्थापना दिवस के पूर्व त्रिदिवसीय ( 11 12 और 13 ) फरवरी को वैदिक यज्ञ का भी आयोजन किया गया है।जो प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ होगा।

### शोक संवेदना व्यक्त करने वाराणसी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव



प्रखर वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर के आवास उनकी माता जी पूर्व पार्षद श्रीमती गीता देवी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे । लंका आवास पर पहुंचकर परिवार के सभी सदस्यों और शुभचिंतकों से मुलाकात किया एवं कुशल क्षेम पूछा वहां मौजूद सैकड़ो समाजवादी एवम कार्यकताओं से मुलाकात किया । इस अवसर पर पूर्व पार्षद वरुण सिंह , राजू यादव संजय यादव , उमाकांत पटेल गुड्डू , बाबू सोनकर वीरेंद्र यादव , सचिन यादव , विनोद पाल , रवि बिंद भानु , योगेंद्र आर्य , रवि यदुवंशी , जितेंद्र मौर्य, संदीप यादव , बच्चा यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे ।

### एसपी ने ली परेड की सलामी, महिला आरक्षियों को कराया गया दंगा नियन्त्रण का अभ्यास

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर के ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई तथा इसके बाद परेड का निरीक्षण किया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा परेड किया गया। परेड में शामिल सभी थानाध्यक्षों तथा सभी जवानों को दंगा नियंत्रण हथियारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा इन्हें चलाने की ट्रेनिंग भी दी गई। परेड में शामिल महिला आरक्षियों द्वारा भी दंगा नियंत्रण हथियार चलाया गया। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक ने सभी को इन उपकरणों के



इस्तेमाल का तरीका तथा प्रयोग के दौरान रखे जाने आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद थानों से आई डायल 112 की गाड़ियों का रिस्पांस टाइम तथा थानों की गाड़ियों में रखे सुरक्षा उपकरणों को चेक कर सभी थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन तथा पुलिस के जवान शामिल हुए।

### बसपा शासन काल के एसआईटी जांच में रुके हुए निर्माण कार्य जल्द होंगे शुरू

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बसपा सरकार में निर्माण कार्यों में हुए अनियमितता के बाद एसआईटी की जांच शुरू हो गई थी। इसके बाद जनपद में बहुत सारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आवास और चिकित्सालय के निर्माण कार्य अधूरे में छूट गए थे। जिसके चलते चिकित्सा के कार्य बाधित होने के साथ ही साथ स्वास्थ्य कर्मी अपने ड्यूटी स्थल पर नहीं रह पाते थे। लेकिन अब एक बार फिर से शासन के द्वारा इस तरह के निर्माण कार्यों को शुरू करने का कार्य आरंभ किया जा चुका है। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने बताया कि गाजीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर और देवकली में अस्पताल और बिरनो कासिमाबाद में आवास का निर्माण पिछले कई सालों से अधूरे पड़े हुए थे। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डढ़वल, डेढ़गावा, बरतर, देवचंदपुर, लहुरापुर और उतराव में निर्माण कार्य अधूरे रुके हुए थे। जिसके चलते चिकित्सीय कार्य काफी दिनों से बाधित चल रही थी। लेकिन अब शासन के द्वारा हरी झंडी मिल जाने के बाद इन निर्माण के कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। और पूर्व में जो निमार्दाई संस्था कार्य कर रही थी। उन्हीं के द्वारा अब आगे के बचे हुए काम को पूर्ण किया जाएगा।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं